हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

तापमान

अधिकतम 43.02 डिग्री

न्यूनतम 27.0 डिग्री

12 पूर्व मुख्यमंत्री का एआई से बना वीडियो अब भी ...



13 बसों में भेड़-बकरियों की तरह ठूंसे जा रहे यात्री...




## औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### राज्यपाल डेका का दुर्ग और भिलाई प्रवास आज

दुर्ग। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 28 अप्रैल को दुर्ग और भिलाई जिले के प्रवास पर रहेंगे।



प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यपाल सुबह 10.30 लोक भवन रायपुर से दुर्ग के लिए रवाना होंगे। सुबह 11.15 बजे दुर्ग पहुंचकर पीडब्ल्यूडी कार्यालय के बैठक हॉल में आयोजित ब्लॉक समीक्षा बैठक में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 1.15 को भिलाई निवास के लिए प्रस्थान करेंगे। राज्यपाल शाम 4.45 बजे रूंगटा इंटरनेशनल स्किल यूनिवर्सिटी भिलाई के लिए निकलेंगे और शाम 5 बजे संस्थान में आयोजित विशेष कार्यक्रम 'सच हुए सपने में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद राज्यपाल शाम 6 बजे लोक भवन रायपुर के लिए रवाना होंगे।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

भिलाई। अवैध शराब के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उतई पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर डूमरडीह नाला के पास युवक शराब रखकर बेच रहा था।



दबिश देकर डुंडेरा निवासी शंभुनाथ अग्रवाल को पकड़ा गया है। आरोपी के पास से 40 शोले मसाला देशी मदिरा जब्त किया है। जिसमें कुल 7.200 बल्क लीटर शराब जब्त किया गया है। उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### 7 साल बाद जानलेवा हमला के दो गिरफ्तार

भिलाई। ट्रक चालक के साथ मारपीट कर धारदार हथियार से प्राणघातक



हमला कर फरार होने वाले आरोपियों को पुलिस ने सात साल बाद गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि 20 अगस्त 2019 को ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज, बीईसी कंपनी गेट के सामने ट्रक चालक प्यारेलाल यादव, सत्य प्रकाश के साथ पुरानी रंजिश और विवाद के चलते आरोपियों ने गाली-गलौच कर हाथ-मुक्का, पत्थर से हमला किया था। उसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने जांच कर सूचना के आधार पर बीईसी चौक, राजीव नगर जामुल निवासी लिंगो बाघ, अशोक बेहरा को पकड़ा है। एक आरोपी को पुलिस ने पहले पकड़ लिया था।

## सरकारी जमीन पर कब्जे की अंधेरगर्दी, अधिकारियों से सांठगांठ से चल रहा काम

# नाले की जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा 32 मीटर की जगह 18 मीटर चौड़ाई में सिमटा

डॉ. संदीप उपाध्याय ⏭ भिलाई

भिलाई-दुर्ग जिले में नाले और तालाब की सरकारी जमीन पर कब्जा कर बिल्डिंग बनाने का काम धड़ल्ले से चल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ताजा मामला कोसानगर से खम्हरिया तक बने बड़ा नाला है। यह नाला शहर का सबसे बड़ा और चौड़ा नाला है।

निगम यहां 17 करोड़ की लागत से रिटर्निंग वाल बना रहा है, जिससे नाली की जमीन पर कब्जा ना हो सके, लेकिन भूमाफिया और बड़े लोगों से सांठगांठ करके निगम 32 मीटर चौड़े नाले को समेटर 18 मीटर करके बना रहा है। शेष बची अरबों की जमीन पर भू-माफिया और एजुकेशन माफिया अपनी बिल्डिंगे खड़ी कर दे रहे हैं। इस नाले का सबसे मेन भाग मॉडल टाउन जैसे पॉश इलाके से होकर गुजरता है। नाले में रिटर्निंग वाल बनाने का ठेका कांग्रेस शासन काल में शादाब अहमद को मिला था। शादाब अहमद इस नाले का निर्माण कर तो रहे हैं, लेकिन उन्हें निगम के इंजीनियरों ने जो नाला बनाने के लिए परमीशन दी है वो सिंचाई विभाग से हैंडओवर हुए नाले की चौड़ाई से 14 मीटर यानि लगभग 46 फिट घटाकर दी है। शादाब अहमद खुद इस बात को मान रहे हैं कि नाला कहीं चौड़ा तो कहीं संकरा और कहीं काफी कम संकरा है। उन्होंने बताया कि निगम के इंजीनियर ने जो सीमांकन करके उन्हें दिया वो उस लेआउट पर रिटर्निंग वाल का निर्माण कर रहे हैं।

**सिंचाई विभाग के रिकार्ड में नाले की चौड़ाई अलग, वर्तमान में उसे कर दिया गया कम**






### एक स्कूल व बिल्डर्स को पहुंचाया जा रहा लाभ

नाला को देखने के लिए जब हरीभूमि की टीम मौके परप हुंची तो देखने को मिला की नाला सीधा करने के लिए निगम के पास जमीन है, लेकिन निगम ने नाले को कई जगह घुमावदार बनवा दिया। कई जगह तो नाला 18 मीटर तक संकरा कर दिया गया, जबकि इसे सामान रूप से 32 मीटर चौड़ा बनाया जाना था। सिंचाई विभाग के रिकार्ड में यह नाला (पहले नहर था) 32 मीटर चौड़ा दर्ज है। इस नाले को कम चौड़ा करने से यहां आसपास कई स्कूल, कॉलेज बिल्डर्स ने नाले की जमीन पर अपनी दीवार खड़ीकर वहां भवन और शेड बना दिया है। कुछ बिल्डर्स ने तो नाले की जमीन पर मकान बनाकर उसे बेच तक दिया है।

### बारिश में बस्तियों में भरेगा पानी

मॉडल टाउन के पार्षद हरिओम तिवारी ने बताया कि यह नाला उनके क्षेत्र की लाइफ लाइन की तरह है। नाला इतना चौड़ा है कि बारिश में सारा पानी निकलने के साथ ही वाटर रिसोर्स का भी काम करता था। अब इस पर कब्जा हो रहा है। निगम के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। नाला की चौड़ाई कम करने से बारिश के दिनों में पानी बस्तियों में लोगों के घरों में भरेगा।

### ईई और सब इंजी. को नहीं परवाह

इस नाले के निर्माण की जिम्मेदारी निगम के कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल और सब इंजीनियर पुरुषोत्तम सिन्हा पर है। दोनों अधिकारी न तो किसी मीडिया या आम आदमी का फोन उठाते हैं और न साइट में दिखाई देते हैं। सब इंजीनियर परुषोत्तम सिन्हा के ऊपर गुणवत्ताहीन सड़क बनवाने के आरोप में एक इंक्रीमेंट रोकने की निगम आयुक्त द्वारा कार्रवाई भी हो चुकी है, लेकिन इसके बाद भी वो निर्माण की गुणवत्ता को देखने तक नहीं जाते। वहां बिना निगम इंजीनियर की देखरेख के मनमाने तरीके से ठेकेदार द्वारा निर्माण किया जा रहा है।

### नाला की जमीन हो कब्जामुक्त



नाले की जमीन का सीमांकन कराकर कब्जामुक्त कराया जाए। उसके बाद रिटर्निंग वाल बनाई जाए। ढलाई के समय सब इंजीनियर की मौजूदगी जरूरी हो। नाले की चौड़ाई यदि कम होगी तो बरसात में पानी बस्तियों में भरेगा, जिससे जनता परेशान होगी। निगम व कलेक्टोरेट प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए।

-हरिओम तिवारी, वार्ड पार्षद मॉडल टाउन

### अतिक्रमण हुआ तो होगी कार्रवाई



मुझे इसकी जानकारी आपके माध्यम से मिल रही है। कल नाले का ले-आउट और जमीन का नक्शा मंगवाकर इसकी जांच की जाएगी। निरीक्षण में यदि नाले की जमीन पर अतिक्रमण होना पाया गया तो उसे हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

-नीरज पाल, महापौर भिलाई नगर निगम

**वेदर अलर्ट :** हीट वेव और सूखे के संकेत, हफ्तेभर से पारा 43 डिग्री के करीब

## एल नीनो का असर : बढ़ेगी गर्मी घटेगी बारिश, होगा जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इस वर्ष एल नीनो, सुपर एल नीनो, मेगा एल नीनो का प्रभाव अधिक रहने की आशंका बनी हुई है। इसे देखते हुए वेदर और हेल्थ विभाग ने अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग की मानें तो यह स्थिति सामान्य मौसम चक्र को प्रभावित करते हुए अत्यधिक गर्मी और कम वर्षा का कारण बन सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार इस बार गर्मी का असर अधिक तीव्र रहेगा, जिससे आम जनजीवन के साथ-साथ जल संसाधनों पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। एल नीनो के प्रभाव के चलते जिले में हीट वेव वाले दिनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है। दिन का तापमान सामान्य से अधिक रहने के साथ रात का तापमान भी कम नहीं होगा, जिससे राहत मिलना कठिन होगा। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि लंबे समय तक बिना वर्षा की स्थिति, सामान्य से कम वर्षा के दिन, मानसून का देर से आगमन जैसे हालात बन सकते हैं।



### जल संरक्षण की जरूरत ज्यादा से ज्यादा लगाएं पौधे

इन संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते दुर्ग निगम ने एडवाइजरी जारी की है। जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने, इसे बचाने की सलाह दी गई है। इसके अलावा घरों में वर्षा जल संचयन प्रणाली अपनाने, दैनिक उपयोग में पानी का सीमित और समझदारी से उपयोग करने की अपील की गई है। इधर सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 43.02 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बता दें कि पिछले करीब एक हफ्ते से जिले का अधिकतम तापमान 43 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

### दोपहर में बाहर निकलने से बचने की सलाह

बढ़ते तापमान और हीट वेव की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी ने कहा कि अप्रैल से जून के बीच भीषण गर्मी और लू चलने की संभावना रहती है, जिससे जनस्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। तापमान में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। लू के कारण सभी आयु वर्ग के लोग प्रभावित होते हैं। बेहोशी, मांसपेशियों में जकड़न, दौरे पड़ना, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द, अत्यधिक पसीना, कमजोरी, चक्कर आना और सांस या दिल की धड़कन तेज होना इसके प्रमुख संकेत हैं। ऐसे समय में पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, भले ही प्यास न लगे। बाहर जाते समय पानी साथ रखें। ओआरएस घोल, नींबू पानी, छाछ और लस्सी जैसे पेय का सेवन करें। तरबूज, खीरा, संतरा जैसे पानी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं। हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें और सिर को ढककर रखें।

## दोस्त को घर छोड़ने जा रहे युवक पर चाकू से हमला, मौत के बाद आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दोस्त को घर छोड़ने जा रहे युवक की चाकू घोंपकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना खुर्सीपार थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। खुर्सीपार थाना प्रभारी आनंद शुक्ला ने बताया कि 25 अप्रैल की रात रजत कुशवाहा अपने दोस्त सुनील को बाइक से घर छोड़ने जा रहा था। इस दौरान आरोपी गोलू सिंह ने दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। घटना में रजत की मौत हो गई जबकि सुनील वेंटिलेटर पर उपचार जारी हैं। आरोपी गोलू सिंह का किसी शराबी के साथ विवाद चल रहा था। तभी रजत व सुनील पहुंचे बीच बचाव के चलते गोलू ने दोनों युवकों पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। दोनों को गंभीर रुप से उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां सोमवार को रजत की मौत हो गई। रजत और सुनील बालाजी नगर में गांधी विद्यालय के पास पहुंचे थे। तभी गोलू सिंह का अन्य युवक से विवाद चल रहा था। विवाद में रजत व सुनील बीच बचाव करने पहुंचने पर आरोपी गोली आक्रोश में आकर चाकू से हमला कर दिया। हमले में रजत के पेट, सीने में गंभीर चोटें आईं, जबकि सुनील को सीने, पेट और पीठ पर वार किया है। घटना के बाद आसपास के लोग व परिजन मौके पर पहुंचे थे। दोनों घायलों को सुपेला के शासकीय अस्पताल लेकर गए। उसके बाद उन्हें निजी अस्पताल राम नगर में दाखिल किया गया। मामले में सीएसपी प्रशांत पैकरा ने बताया कि मामले की जांच जारी है। जांच के बाद ही असली कारणों का पता चल पाएगा।

- **खुर्सीपार थाना क्षेत्र की है घटना, दूसरे की हालत गंभीर**

## पंडवानी गायिका तीजन का स्वास्थ्य स्थिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पिछले दो साल से अस्वस्थ चल रहीं प्रसिद्ध पंडवानी गायिका तीजन बाई के स्वास्थ्य की जांच करने के लिए जिला स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की टीम सोमवार को उनके गांव गनियारी स्थित निवास पहुंची। मेडिकल टीम द्वारा उनका बीपी, हार्ट बीट आदि जांच की गई। परीक्षण के बाद उनकी सेहत स्थिर बताई गई और खानपान भी पहले की तरह है। मेडिकल टीम द्वारा पंडवानी गायिका के स्वास्थ्य की जांच के बाद सभी महत्वपूर्ण संकेतक (वाइटल्स) स्थिर पाए गए। उनकी यथावत फिजियोथेरेपी कराई गई और सभी दवाइयों की सूची की भी जांच की गई। डाक्टरों के मुताबिक तीजन बाई का स्वास्थ्य स्थिर है और खानपान पूर्व की तरह है। पद्मविभूषण तीजन बाई के



स्वास्थ्य की जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम में बीएमओ डॉ. बी. कथोटिया, आईएमओ डॉ. शिखर अग्रवाल, एमओ डॉ. निवेदिता गार्दिया, डॉ. दीपमाला चंद्राकर, संजय सेन, रंजू विश्वास शामिल थे। दो साल पूर्व तीजन के पुत्र की हृदयाघात से मृत्यु के बाद तीजन बाई पक्षाघात के चलते पीड़ित होने पर बेड पर हैं। उनका इलाज जिला स्वास्थ्य विभाग और बीएसपी के सेक्टर नौ हास्पिटल के डाक्टरों द्वारा घर पर ही किया जा रहा है।

## बिरेभाठ में हो रहा था जर्दायुक्त मुसाफिर गुटखे का प्रोडक्शन, फैक्ट्री की गई सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सोमवार को प्रशासन के निर्देश पर बिरेभाट में जर्दायुक्त फैक्ट्री सील कर दी। उपसंचालक डॉ. मनोज दानी एवं अभिहीत अधिकारी जितेन्द्र कुमार नेले के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। इससे पहले खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने अहिवारा क्षेत्र में निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान व्यापारियों ने बताया कि ग्राम बिरेभाठ, थाना नंदिनी में अवैध रूप से स्वास्थ्य को हानि पहुंचाने वाला जर्दा युक्त पान मसाला का निर्माण किया जा रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की गई, जहां मुसाफिर ब्रांड नाम से स्वास्थ्य के लिए हानिकारक जर्दा युक्त पान मसाले का निर्माण करते हुए पाया गया। मौके पर विक्रय हेतु तैयार 51 कट्टी जर्दा युक्त पान मसाला बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 3,18,240 रुपये है। फैक्ट्री में कार्यरत कर्मचारियों से उत्पाद के निर्माणकर्ता के संबंध में पूछताछ करने पर वे कोई जानकारी नहीं दे सके। निर्माणकर्ता की अनुपस्थिति के कारण, अभिहीत अधिकारी के निर्देश पर एरिया अधिकारी ऋचा शर्मा ने उक्त निर्माण स्थल को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 (संशोधित 2011) के तहत तत्काल प्रभाव से सील कर दिया।

- **खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने जांच के बाद की कार्रवाई**

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने राज्य शासन के निर्देश पर शुरू किया 15 दिन का अभियान

# चाट और गुपचुप के ठेलों और ठंडे पेय उत्पादों की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासन के निर्देश पर 27 अप्रैल से 11 मई तक शुद्ध दवा-शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम पर सघन जांच की शुरुआत की गई।

जिले में कार्यरत खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है, जिसमें औषधि शाखा द्वारा जिले में कॉस्मेटिक एजेंसियां, थोक एवं खुदरा औषधि विक्रय फर्म, अस्पताल एवं अस्पतालों से जुडे फार्मेसी में कोल्ड चेन का निरीक्षण, निजी एवं शासकीय परिसरों में वैक्सीन संधारण एवं कोल्ड चेन की जांच, स्वापक औषधियों के थोक एवं खुदरा फर्मों में क्रय-विक्रय संबंधित दस्तावेजों की जांच, सार्वजनिक स्थलों पर कोटपा अधिनियम के तहत कार्यवाही एवं जागरुकता अभियान एवं निजी तथा शासकीय अस्पतालों की फार्मेसियों की जांच, निरीक्षण एवं एडवर्स ड्रग ईवेंट की रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं की जांच औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 नियमावली 1945 के तहत की जाएगी। इसके अंतर्गत सोमवार को खाद्य शाखा ने चाट, गुपचुप सेंटर्स, गन्ना रस, सॉफ्ट ड्रिंक्स, आईसक्रीम, जूस सेंटर, डेयरी प्रोडक्ट विक्रेता फर्म, मिठाई दुकान, होटल, रेस्टोरेंट, केक एवं ब्रेकरी प्रोडक्ट विक्रेता फर्म, मिड-डे मिल सेंटर्स, हास्पिटल कैंटीन, पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर्स, आईस्क्रीम विक्रेता, कन्फेक्शनरी प्रतिष्ठान, ढ़ाबा, फल एवं सब्जी विक्रेता प्रतिष्ठान, पेप्सी, आईसगोला, आईस कैण्डी विक्रेता प्रतिष्ठानों की जांच की।



### पेय पदार्थों को लेकर भी अलर्ट, होगी नियमित जांच

अधिकारियों ने बताया कि ठंडे पेय के नाम पर घटिया सामान बेचने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर निर्देश दिए गए हैं। जिले में विभिन्न क्षेत्रों में संचालित चाट, गुपचुप सेंटर आदि स्ट्रीट वेंडर्स की जांच खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत किया जा रहा है, जिसमें संचालकों को साफ स्वच्छ पीने योग्य पानी का उपयोग करने हेतु, अखाद्य रंगों का उपयोग नहीं करने हेतु परिसर के आस-पास स्वच्छता रखने हेतु एवं डस्टबीन रखने हेतु निर्देशित किया जा रहा है। नियमों का उल्लंघन पाये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसे लेकर सोमवार को व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति देखी गई।

### विभागीय जांच से खाद्य उत्पादों के विक्रेताओं में हड़कंप

जिले में संचालित मेसर्स जलाराम कॉस्मेटिक इंदिरा मार्केट दुर्ग, वर्ल्ड ऑफ ब्यूटी इंदिरा मार्केट दुर्ग, मेसर्स रेडलिप्स कॉस्मेटिक शॉप, नेहरू नगर, भिलाई, मेसर्स वूमनिया मेकअप स्टोर्स, अग्रसेन चौक, नेहरू नगर, मेसर्स प्रकाश जनरल स्टोर्स, आर.एस.एस. मार्केट, पावर हाउस, भिलाई, मेसर्स हर्षित जनरल एण्ड बैंगल्स स्टोर्स पावर हाउस, जवाहर मार्केट, भिलाई एवं मेसर्स के.जी.एन. ज्वेलर्स, जवाहर मार्केट, कैम्प-2, पावर हाउस, भिलाई ऐसे 07 कॉस्मेटिक विक्रय करने वाले फर्मों का निरीक्षण औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 नियमावली 1945 के तहत किया गया। किसी भी प्रकार की एलोपैथिक औषधियों का संग्रह करना नहीं पाया गया।



# कामधेनु में कार्यों में गड़बड़ी के मामले में जांच दल के बदले गए प्रभारी, डॉ. उपरीत करेंगे जांच

## फरवरी 2026 में कुलपति ने जारी किया आदेश, इधर जिस पर आरोप उसकी परिवीक्षा अवधि समाप्त करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा के कुलसचिव डॉ. भानु प्रताप राठिया ने वेटनरी कॉलेज बिलासपुर में निर्माण के दौरान अनियमितता के मामले में जांच अधिकारी डॉ. एके मैती को बदल दिया है। उनकी जगह दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी कॉलेज के प्रभारी डीन डॉ. सुधीर उपरीत को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके साथ वेटनरी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. चंद्रहास सन्नाट मामले की जांच करेंगे। बता दें कि यह टीम पिछले करीब सालभर से जांच कर रही है। सहायक अभियंता (परिवीक्षाधीन) अरविंद उल्लास देशमुख पर आरोप है कि उन्होंने माप पुस्तिका के लेखन में अनियमितता बरती। इसकी जांच जारी है। इस बीच खबर है कि उनकी परिवीक्षा अवधि को समाप्त करने की तैयारी है। इसे लेकर भी आपत्ति दर्ज कराई गई है। इसकी शिकायत प्रोफेसर डॉ. एके संतरा, डॉ. केशव दास और डॉ. एमके अवस्थी से की गई है। साथ ही दस्तावेजी साक्ष्य भी प्रस्तुत किए गए हैं।

### 1.54 करोड़ के घोटाले के बाद रि-टेंडर, 6 माह में काम होना था पूरा, लेकिन दो साल बाद भी अधूरा, कॉलेज को वेटनरी काउंसिल से नहीं मिल पाई मान्यता




### अलग-अलग स्तर पर जांच लंबे समय से लंबित

जानकारी के मुताबिक इस पूरे मामले में जांच अलग-अलग स्तर पर लंबे समय से लंबित है। सहायक अभियंता के ऊपर भ्रष्टाचार, आर्थिक गबन, वित्तीय अनियमितता एवं आय से अधिक संपत्ति की विभिन्न जांच विश्वविद्यालय स्तर पर लोकायुक्त स्तर पर तथा शासन स्तर पर चल रही है। उसके बाद भी विश्वविद्यालय प्रशासन परिवीक्षा अवधि समाप्त करने की तैयारी में है। इसे लेकर गोपनीय पत्र व्यवहार भी शुरू किया जा चुका है। इसे लेकर सारे नियम-कायदों को ताक पर रखा जा रहा है। सहायक अभियंता पर पहले भी कई अनियमितता के आरोप लगे हैं। यहां तक उनका करीब 11 महीने के लिए निलंबन भी हो चुका है।

### दो जांच रिपोर्ट में दोष सिद्ध होने के बाद भी कार्रवाई नहीं, अब तक अटका है मामला

जानकारी के मुताबिक सहायक अभियंता पर वेटनरी कॉलेज बिलासपुर में चल रहे निर्माणाधीन कार्यों में राशि रुपए 1.54 करोड़ की फर्जी बिल्डिंग का वित्तीय अनियमितता पाई गई है, जिस संबंध में विश्वविद्यालय के कार्यपालन अभियंता एवं मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग बिलासपुर द्वारा अपनी रिपोर्ट में उक्त सहायक अभियंता देशमुख को दोषी सिद्ध किया है। इसके उपरांत विश्वविद्यालय द्वारा उक्त सहायक अभियंता के ऊपर विभागीय जांच कराई गई। डॉ. सुधीर उपरीत प्रभारी अधिष्ठाता को जांच अधिकारी नियुक्त किया है, जिसकी जांच आज दिनांक तक लंबित है। सहायक अभियंता को निलंबित भी किया जा चुका है। साथ ही आय से अधिक संपत्ति का अर्जित किए जाने के मामले की जांच लोक आयोग में लंबित है।

### पिछले 8 सालों से मामले में हो रही सिर्फ जांच

बता दें कि इस पूरे मामले में पिछले करीब 8 सालों से सिर्फ जांच हो रही है। बिलासपुर वेटनरी कॉलेज कैम्पस में बॉयस हॉस्टल, ऑडिटोरियम, गर्ल्स हॉस्टल, टीवीसीसी बिल्डिंग और एफ, जी, एच टाइप के आवासों के निर्माण के दौरान 1.54 करोड़ रुपए का घोटाला सामने आने के बाद भी कहीं कोई कार्रवाई पिछले तीन साल में नहीं हुई है। खास बात यह है कि 2017 में 15.42 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत यह काम 8 साल बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। गौरी कंस्ट्रक्शन और अशोक केजरीवाल कार्य एजेंसी के भागने के बाद करीब 2 साल पहले अधूरे कामों का करीब 5.25 करोड़ में रि-टेंडर किया गया। इसके बाद गर्ल्स हॉस्टल, टीवीसीसी बिल्डिंग और एफ, जी, एच टाइप के आवासों के निर्माण का काम सारासार एसोसिएट्स को 3.25 करोड़ में दिया गया। वहीं बॉयस हॉस्टल, ऑडिटोरियएम का काम 2 करोड़ में एके सिंह को दिया गया। 6 महीने में इन कामों को पूरा किया जाना था, जो दो साल बाद भी अधूरा है। करीब 35 प्रतिशत काम अब तक नहीं हो पाया है। बॉयस और गर्ल्स हॉस्टल के अलावा आवासों का काम पूरा कर लिया गया है, लेकिन टीवीसीसी बिल्डिंग और ऑडिटोरियम का काम अधूरा है।

## खबर संक्षेप



### दुर्ग निगम में विशेष समान्य सभा की तैयारी

दुर्ग। नगर निगम दुर्ग में आगामी दिनों में विशेष समान्य सभा बुलाए जाने की तैयारी की जा रही है। इसे लेकर नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने सभापति श्याम शर्मा से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को समान्य सभा बुलाए जाने की चर्चा हो रही है। सभापति को दिए ज्ञापन में उन्होंने शहर में हो रहे जल संकट, कचरा निष्पादन और शक्ति नगर तालाब के विषय में चर्चा कराने की मांग की।

### 1 मई से शहर के 60 वार्डों में सुशासन तिहार

दुर्ग। सुशासन तिहार-2026 के अंतर्गत शहर में जन समस्या निवारण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 1 मई से 23 मई तक दुर्ग शहर सीमा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में प्रतिदिन सुबह 9 से सायं 4 बजे तक आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का उद्देश्य शासकीय कार्यों में पारदर्शिता लाना तथा विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। शिकायतों का निराकरण भी होगा।

## मेढ़ा में कार्यालय परिसर में शराब पीने वाला समिति प्रबंधक निलंबित

# अधिक धान मिलने पर 12 समितियों को नोटिस, सात दिन में मांगा जवाब

## माहांत तक शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित करने में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

जिलेभर में धान का उठाव अब अंतिम चरण पर पहुंच गया है। जिले की 92 समितियों में लगभग डेढ़ लाख क्विंटल धान का उठाव ही शेष है। ऐसे में प्रशासन ने अप्रैल महीने में ही शत-प्रतिशत उठाव सुनिश्चित करने के लिए समिति प्रबंधकों की बैठक लेना भी शुरू कर दिया है।

बताया गया कि विगत 24 अप्रैल से अलग-अलग समूह बनाकर समितियों की बैठक ली जा रही है। बैठक के दौरान ही धान खरीदी के दौरान जिले की जिन समितियों में भौतिक सत्यापन के जरिये अधिक धान की पुष्टि हुई थी। अब उन समितियों को जिला प्रशासन द्वारा एक बार फिर से नोटिस जारी की गई है। हालांकि प्रशासन की तरफ से यह साफ नहीं किया गया है कि नोटिस किस कारण से जारी की गई है। हालांकि प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन समितियों में जो धान अधिक मात्रा में मिला था, उस धान को लेकर ही सवाल किए गए हैं।

**खास बातें**

- सात दिनों के भीतर सभी समितियों से मांगा गया जवाब
- उठाव को लेकर प्रशासन ने ली समितियों की बैठक, जाना शेष धान का हाल



### 31 मार्च तक होना था 100% उठाव

ज्ञात हो कि प्रदेश शासन ने इस बार 31 मार्च तक शत-प्रतिशत उठाव किए जाने के निर्देश जारी किए थे, लेकिन जिले में अप्रैल महीना बीतने को है और अब भी लगभग डेढ़ लाख क्विंटल धान का उठाव होना बाकी है। इसी को लेकर अब प्रशासन ने सख्ती करना शुरू कर दिया है।

### परिसर में शराब सेवन पड़ा भारी

इधर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मेढ़ा समिति के प्रबंधक सुखदास केसरी को निलंबित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार समिति प्रबंधक सुखदास मेढ़ा स्थित कार्यालय परिसर के भीतर ही शराब सेवन कर रहे थे। जिनकी तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल हो रही थी। जिसको लेकर ही कार्रवाई करते हुए यह एक्शन लिया गया है। उनके स्थान पर सहायक प्रबंधक रविन्द्र साहू को समिति प्रबंधक का प्रभार दिया गया है।

### मिलर्स से समिति प्रबंधक जुगाड़ रहे धान!

ज्ञात हो कि जिले की जयसिंहटोला, शिकारीमहका, कल्लूबंजारी, तुमड़ीबोड़ तेन्दुनाला, रामपुर, संबंलपुर, मुरमुंदा और घुमका समितियों में खरीदी के मुकाबले में अधिक मात्रा में धान पाया गया था। इन समितियों में लगभग आठ सौ मीट्रिक टन अधिक धान मिला था। ऐसे में प्रशासन यह देख रहा है कि जितने धान की खरीदी हुई और जितना धान अधिक पाया गया था। प्रशासन ने समिति प्रबंधकों को नोटिस जारी कर अधिक मिले धान को लेकर ही सवाल किए हैं। इधर सूत्रों के अनुसार कुछ समितियों ने मिलर्स से भी धान को लेकर संपर्क किया है। ऐसा बताया गया कि धान का जुगाड़ किया जा रहा है।

### इन समिति प्रबंधकों को प्रशासन द्वारा जारी की गई नोटिस

मिली जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा कुल 12 समितियों को नोटिस जारी किया गया है। इनमें छुरिया ब्लॉक की छह समितियां जिनमें छुरिया, जयसिंहटोला, खोभा, शिकारीमहका, महाराजपुर, कल्लूबंजारी शामिल हैं। ऐसे ही डोंगरगांव ब्लॉक के चार समितियां जिनमें तुमड़ीबोड़, तेन्दूनाला, रामपुर और संबलपुर समिति शामिल हैं। वहीं राजनांदगांव ब्लॉक की दो समिति मुरमुंद एवं घुमका को नोटिस जारी किया गया है। बताया गया कि इनमें वह समितियां शामिल हैं, जहां भौतिक सत्यापन के दौरान धान अधिक या कम मात्रा में प्राप्त किया गया था।

# सड़क हादसे में घायल हुए लोगों से मिलने पहुंचे मंत्री गजेन्द्र उपचार को लेकर ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

रविवार देर रात बारात से लौटते समय हुई बस दुर्घटना में घायल दुर्ग के तितुरडीह क्षेत्र के नागरिकों से मिलने प्रदेश के केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव सोमवार को जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में भर्ती सभी घायलों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा चिकित्सकों से उपचार की जानकारी लिए। मंत्री श्री यादव ने घायलों को हर संभव बेहतर इलाज उपलब्ध कराने भरोसा देते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि रविवार की रात दुर्घटना में घायल हुए सभी नागरिकों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, इसके लिए प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है और जरूरत पड़ने पर हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्री श्री यादव ने एक-एक मरीज से संवाद कर दुर्घटना की जानकारी लिए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुने। उन्होंने उपस्थित डॉक्टरों एवं नर्सिंग स्टाफ को निर्देशित किया कि सभी मरीजों का समुचित और प्राथमिकता के आधार पर इलाज सुनिश्चित किया जाए।

### अस्पताल में व्यवस्था का निरीक्षण

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिये। इस दौरान उन्होंने दवाइयों की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था, मरीजों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लिए और अस्पताल प्रबंधन को गंभीरता से कार्य करने निर्देश दिए। श्री यादव ने अस्पताल परिसर में शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मौके पर मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सिंगल वोट को अवैध घोषित करने बनी विवाद की स्थिति

# तालपुरी चुनाव में कुबेर को हराकर सुनील बने अध्यक्ष, दत्ता महासचिव



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

तालपुरी बी ब्लॉक रेसिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में स्वाभिमान पैनल के सुनील चौरसिया एकता पैनल के कुबेर राम देशमुख को हराकर कर अध्यक्ष बने। महासचिव पद के लिए बराबर मत मिलने पर हार जीत का फैसला शिक्का उछालकर कर किया गया। इसमें एकता पैनल के रवींद्र कुमार दत्ता विजयी घोषित किए गए। इस दो कोणीय मुकाबले में स्वाभिमान पैनल की झोली में चार पद, जबकि एकता पैनल की झोली में तीन पद आए। चुनाव में सिंगल वोट को अवैध घोषित करने के कारण विवाद की स्थिति रही।

रविवार सुबह 8 से दोपहर 3 बजे तक चुनाव के लिए मतदान हुआ। 83 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अध्यक्ष पद के लिए खड़े कुबेर राम देशमुख और सुनील चौरसिया के बीच एकतरफा मुकाबला देखने को मिला। चौरसिया के पक्ष में 214 मत पड़े, तो देशमुख को 148 मत मिले। उपाध्यक्ष पद के लिए स्वाभिमान पैनल के डॉ. लक्ष्मप्रद को 159 और एकता पैनल के जितेंद्र सिंह को 145 मत मिले। दोनों ही विजेता घोषित किए गए। वहीं दूसरी ओर इसी पद पर एकता पैनल के महेश विश्वकर्मा (142) तथा स्वाभिमान पैनल के भीमराव फुसे (134) को हार का सामना करना पड़ा।

### महासचिव पद का फैसला टॉस से

महासचिव पद पर रवींद्र कुमार दत्ता और के आर देशमुख 145-145 मत मिले। इसलिए इनके बीच टॉस करके हार जीत का फैसाल किया गया। तीसरे प्रत्याशी रूपेंद्र वर्मा को महज 64 मत ही मिले। उप महासचिव पद पर दोनों पैनलों के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। इन पदों पर स्वाभिमान पैनल की महिला प्रत्याशी पायल सिंह पवार और एकता पैनल के उम्मीदवार श्यामलाल साहू ने जीत हासिल की। पायल को 170 वोट, जबकि साहू को 153 वोट मिले। टी सहदेव ने अपने पक्ष में भारी संख्या में पड़े सिंगल वोटों को चुनाव अधिकारी द्वारा अवैध घोषित करने के कारण अपना तीव्र विरोध जताया। कोषाध्यक्ष पद का नतीजा स्वाभिमान पैनल के पक्ष में आया। स्वाभिमान पैनल के रामनारायण साहू को 204 और अमल कुमार दास को 158 वोट मिले।

### टेंट लगाने और रैली को लेकर विवाद

क्लबहाउस में चुनाव को लेकर वोटिंग से लेकर मतगणना तक भीड़ जुटी रही। इस चुनाव में 439 लोगों को ही मताधिकार प्राप्त था। इससे पहले मतदान की पूर्व संध्या पर टेंट लगाने को लेकर विवाद की स्थिति रही। स्वाभिमान पैनल का टेंट मतदान केंद्र के ठीक सामने ठीक था, जबकि एकता पैनल का टेंट मतदान केंद्र से काफी दूर था। इसे लेकर एकता पैनल ने चुनाव अधिकारी संदीप नंदनवार के सामने अपना विरोध दर्ज किया था। इसके अलावा स्वाभिमान पैनल द्वारा मतदान की पूर्व संध्या पर चुनावी रैली निकाली गई, जिस पर भी एकता पैनल ने कड़ी आपत्ति दर्ज की।

# डीयू में संस्थाओं की मान्यता को लेकर बरती जा रही अनियमितता, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

हेमचंद विश्वविद्यालय में प्रतिष्ठित संस्थाओं से मान्यता के लिए अनियमितता बरतने का मामला सामने आया है। इसे लेकर कुलाधिपति यानी राज्यपाल रमेन डेका से शिकायत की गई है। इसके बाद मामले में जांच के निर्देश दिए गए हैं। शिकायत बांसपारा दुर्ग निवासी शैलेश कुमार ने की है।

- राज्यपाल से शिकायत के बाद मामले में बैठी जांच

जानकारी के मुताबिक उन्होंने अपनी लिखित शिकायत में कहा था कि विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए फर्जी तरीके से एक ही बिल्डिंग को दिखाकर फर्जी अध्यापक बुलाकर प्रतिष्ठित संस्थाओं से मान्यता लेने का प्रयास किया जा रहा है। पिछले दिनों ही संस्था द्वारा एमसीए, एमबीए सहित अन्य कक्षाओं के लिए मान्यता ली गई है। इसमें बिना शासन की अनुमति से 40 से 50 लाख तक के सामानों की खरीदी की गई।

इतना ही नहीं एक प्रतिष्ठित पब्लिकेशन से किताबों के मूल्यों में बढ़ोत्तरी कर उसकी खरीदी गई। भारतीय विश्वविद्यालय की धारा 52 सद्भावपूर्वक को परिभाषित करती है। इसका भी उल्लंघन किया गया है। इतना ही नहीं पिछले दिनों आयोजित परीक्षा में आंसरशीट छापने के लिए 15 लाख से ज्यादा का ऑर्डर दिया गया है। इसकी कीमत करीब 60 लाख रुपए आंकी जा रही है। इसमें भी कमीशनखोरी की आशंका बनी हुई है। शैलेश कुमार ने बताया कि मामले में राज्यपाल से शिकायत के बाद जांच के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

## विराट नगर उपकेंद्र की क्षमता बढ़ी, 3.15 एमवीए ट्रांसफार्मर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत बोरसी जोन के 33/11 केवी विराट नगर उपकेंद्र में नया पावर ट्रांसफार्मर सफलतापूर्वक चार्ज किया गया। बढ़ते विद्युत भार को प्रबंधित करने के उद्देश्य से 61 लाख 91 हजार रुपये की लागत से 3.15 एमवीए क्षमता का यह अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। इस विस्तार के साथ ही उपकेंद्र की कुल क्षमता अब बढ़कर 13.15 एमवीए हो गई है, जहां पहले से 5 एमवीए के दो ट्रांसफार्मर स्थापित थे। उक्त नए कार्य से विराट नगर उपकेंद्र से जुड़े बोरसी क्षेत्र के लगभग 13,900 से अधिक घरेलू और गैर-घरेलू उपभोक्ताओं को सीधा लाभ पहुंचेगा। कार्यपालक निदेशक संजय खंडेलवाल ने कहा कि विभाग का लक्ष्य है कि गर्मी के मौसम में बढ़ती बिजली की मांग के बीच उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान जे. जगन्नाथ प्रसाद, आरके दानी, धर्मेंद्र कुमार भारती, दुर्गेश नंदिनी, राजेंद्र गिरी गोस्वामी, डिलेन्द्र कुमार देशमुख, डीके साहू, राहूल सिंह, महेश्वर टंडन, रुचि सेलेट, मोनिका नायर आदि मौजूद थे।


# शहर के 60 वार्डों में सभी अवैध नल कनेक्शन कटेंगे, आयुक्त ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

शहर में अवैध नल कनेक्शन और टुल्लू पंप का उपयोग करने वाले कनेक्शनधारियों पर अब कार्रवाई होगी। शहर के सभी 60 वार्डों में इसके लिए अभियान चलाया जाएगा। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इसके लिए निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने आदेश का सख्ती से पालने करने की बात कही है। शहर में अवैध रूप से लगाए गए नल कनेक्शनों की भरमार है, जिसके देखते हुए निर्देश जारी किए गए हैं। निगम प्रशासन ने स्पष्ट रूप से कहा है कि बिना अनुमति किसी भी प्रकार का नल कनेक्शन स्थापित करना पूरी तरह नियम विरुद्ध है। इसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

निगम आयुक्त के निर्देशानुसार अब ऐसे सभी अवैध नल कनेक्शनों को चिन्हित कर तत्काल प्रभाव से काटने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, बिना स्वीकृति कनेक्शन लगाने वाले संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ भी कड़ी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अवैध कनेक्शन देने वाले ठेकेदारों पर भी होगी कार्रवाई



- अवैध नल कनेक्शन की शिकायत मिलते ही तुरंत होगी कार्रवाई

निगम प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अवैध नल कनेक्शन कराने वाले उपभोक्ताओं और इसमें संलिप्त ठेकेदारों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। यदि किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है, तो बिना देरी के मौके पर पहुंचकर कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिक निगम ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे केवल विधिवत स्वीकृति लेकर ही नल कनेक्शन लें तथा किसी भी प्रकार के अवैध कार्य से दूर रहें, अन्यथा कठोर कार्रवाई के लिए स्वयं जिम्मेदार

## कांग्रेस ने खाद्य नियंत्रक को ज्ञापन सौंपकर समस्या का निराकरण करने मांग की

# राशन दुकानों में नहीं मिल रहा खाद्यान्न, शक्कर का भी नहीं हुआ वितरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्ग

शहर के राशन दुकानों में खाद्यान्न का वितरण नहीं हो रहा है। पहले चावल को लेकर दिक्कतें सामने आई। अब माह का शक्कर नहीं मिल पाया है। इसे लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपकर समस्या का निराकरण करने की मांग खाद्य नियंत्रक अनुराग भदोरिया से की है। कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि लगातार आम जनता को राशन नहीं मिलने शक्कर नहीं मिल रहा है। बीपीएल परिवारों को इस वजह से खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाकलीवाल ने कहा कि दुर्ग नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों से लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि शासकीय उचित मूल्य दुकानों में बीपीएल हितग्राहियों को निर्धारित राशन का वितरण नहीं किया जा रहा है। अप्रैल माह का अंत आ गया भी तक शत प्रतिशत राशन वितरण नहीं हो पाया । माह की शक्कर अब तक दुकानों में नहीं पहुंची।



### अगले तीन से चार दिन में वितरण की संभावना

खाद्य नियंत्रक भदोरिया ने पदाधिकारियों को अवगत कराया कि अगले 3 से 4 दिन में खाद्यन्न वितरण समान्य कर लिया जाएगा। उन्होंने राशन वितरित कर देने का आश्वासन दिया। धीरज बाकलीवाल ने आम जनता को गैस की हो रही परेशानी को दूर करने , गैस एजेंसी की मॉनिटरिंग करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, देव श्री साहू, मनीष बघेल, दीपक साहू, प्रवक्ता नासिर खोखर, सुशील भारद्वाज, अजय शर्मा, विजेंद्र भारद्वाज, प्रकाश जोशी, ओमप्रकाश जोशी, ज्ञानदास बंजारे, पोषण साहू सहित अन्य शामिल थे।

### महिलाओं और बुजुर्गों को राशन दुकानों के काटने पड़ रहे चक्कर

बाकलीवाल ने कहा कि समस्या के कारण गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के इस दौर में महिलाएं एवं बुजुर्ग राशन प्राप्त करने के लिए बार-बार दुकानों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं, फिर भी उन्हें उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है। यह स्थिति अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक है, क्योंकि शासन की योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक नहीं पहुंच पा रहा है। उन्होंने खाद्य अधिकारी को कहा कि इस मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए सभी राशन दुकानों की जांच कराई जाए, बीपीएल हितग्राहियों को उनका निर्धारित राशन समय पर एवं पूर्ण रूप से उपलब्ध कराया जाए। इस विषय पर शीघ्र आवश्यक करने की मांग की गई है।

# 4 साल बाद भी नहीं मिला शुद्ध पानी, जल जीवन मिशन फेल साबित

## संबंधित विभाग के अधिकारी जानकारी देने में भी कर रहे टालमटोल

संजय कुमार साहू ▸▸| अंडा

हरिभूमि पड़ताल



केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना जिले के कई गांवों में दम तोड़ती नजर आ रही है। करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई पानी टंकियां आज सिर्फ 'शोपीस' बनकर रह गई हैं, जबकि ग्रामीणों को अब तक शुद्ध पेयजल नसीब नहीं हो पाया है।

ग्रामीणों का कहना है कि योजना का कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है। हालात यह हैं कि कई जगहों पर बोरवेल का पानी सीधे टंकी में भरकर घर-घर सप्लाई किया जा रहा है, लेकिन उसमें किसी प्रकार का फिल्टर सिस्टम नहीं लगाया गया है। ऐसे में यह पानी पीने योग्य नहीं है और लोग मजबूरी में इसे केवल नहाने और अन्य घरेलू कार्यों के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, रूदा गांव से फिल्टर होकर पानी सप्लाई की योजना बनाई गई थी, लेकिन करीब चार साल बीत जाने के बाद भी यह व्यवस्था शुरू नहीं हो पाई। इससे 'हर घर नल-जल' का सपना अधूरा नजर आ रहा है और योजना फेल साबित होती दिख रही है। इसी बीच ग्राम रूदा में नियम विरुद्ध एल्यूमीनियम की पानी टंकी बनाए जाने का मामला भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, इस टंकी से अब तक पानी सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। इस मुद्दे को लेकर जनपद सदस्य दामिनी मुकेश साहू ने सामान्य सभा में कई बार अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन अब तक स्पष्ट जवाब नहीं मिल पाया है कि पानी सप्लाई कब तक शुरू होगी। वहीं, जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि संबंधित विभाग के अधिकारी जानकारी देने में भी टालमटोल कर रहे हैं और कार्यों में देरी हो रही है, जिससे योजना की प्रगति पर सवाल उठ रहे हैं।

झोला, भोथली, खड़ा, रूदा, तिरगा सहित कई गांवों में यही स्थिति बनी हुई है। बिना फिल्टर के पानी की सप्लाई से ग्रामीणों में बीमारियों का खतरा बढ़ने का खतरा बना हुआ है, जिससे लोगों में चिंता बनी हुई है।

## खबर संक्षेप



### कृषि आदान विक्रेताओं ने व्यापार में आ रही दिक्कतों से कराया अवगत

**पाटन।** ब्लॉक एग्री डीलर्स एसोसिएशन पाटन के पदाधिकारियों ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात कर कृषि आदान विक्रेताओं को व्यापार में आ रही दिक्कतों से अवगत कराए व देश भर के समस्त खाद, बीज व कीटनाशक विक्रेता 27 अप्रैल सोमवार को 1 दिन की सांकेतिक हड़ताल पर हैं जिनकी जानकारी लक्ष्मीनारायण पाटन ने दी।

### पंचायती राज व्यवस्था ही ग्रामीण विकास की सशक्त आधारशिला : नायक



**पाटन।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला है, जो ग्रामीण स्तर पर जनभागीदारी को सशक्त बनाते हुए विकास की दिशा निर्धारित करती है। यह प्रणाली ग्राम स्तर पर शासन को मजबूत करने एवं आमजन की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### करसा गांव में ग्रामीणों ने सुनी मन की बात



**सेलूद।** घुघुवा शक्ति केंद्र के ग्राम करसा में मन की बात सुना गया। इसमें शक्ति केंद्र प्रभारी हर प्रसाद आडिल, बूथ अध्यक्ष कोमल साहू, सांसद प्रतिनिधि रघू राम साहू, प्रीतम साहू, हेमंत साहू, काशीराम, चुम्मन साहू, पंपे साहू, हरीश वर्मा, संतराम साहू, दिव्या साहू और ठाकुर राम सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### अलबरस में सुनी गई मन की बात



**अंडा।** अंडा निकुम मंडल के शक्ति केंद्र अलबरस में लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें संस्करण को सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फत्तेलाल वर्मा (अध्यक्ष, वृत्ताकार सेवा सहकारी समिति उतई) उपस्थित रहे। साथ ही उतई मंडल महामंत्री प्रवीण यदु, अशोक हरमुख, ओमप्रकाश यादव, राजू, बलदेव देशमुख, टीकाराम देशमुख, झाड़ू राम निषाद, गजानंद यादव, भीखम देशमुख आदि उपस्थित थे।

### निधन

### कृष्णाकांत विनोद



**भिलाई।** सुभाष नगर भवानी चौक निवासी कृष्णकांत विनोद का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में किया गया। वे सूर्यकांत, रविकांत एवं रजनीश कांत विनोद के पिता थे।

## ओवरलोडिंग करने वाले बस संचालकों पर कार्रवाई की मांग

# बसों में भेड़-बकरियों की तरह ठूंसे जा रहे यात्री, नियमों की उड़ रही धज्जियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटन

### यात्री मजबूरी में अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने विवश



भीषण गर्मी ने अब लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। तापमान 42 डिग्री के पार पहुंच चुका है, वहीं शादी-ब्याह का सीजन होने के कारण यात्रियों की संख्या में भी अचानक बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में पाटन से अभनपुर, दुर्ग और रायपुर की ओर जाने वाली बसों की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। बसों में यात्रियों को इस कदर ठूंसा जा रहा है मानो वे इंसान नहीं, बल्कि भेड़-बकरियां हों।

बस स्टैंड में रोजाना भारी भीड़ देखी जा सकती है, जहां यात्री मजबूरी में अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने को विवश हैं। बसों की सीट क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां भरी जा रही हैं। कई यात्री दरवाजों पर लटककर तो कुछ खिड़कियों से झांकते हुए सफर कर रहे हैं। यह स्थिति न केवल अमानवीय है, बल्कि किसी बड़े हादसे को भी खुला न्योता दे रही है।

परिवहन नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर पूरी तरह से मौन साधे हुए हैं। न तो आरटीओ की कोई कार्रवाई नजर आ रही है और न ही पुलिस प्रशासन इस गंभीर समस्या को लेकर सक्रिय दिखाई दे रहा है। बस संचालकों को सिर्फ अपनी कमाई से मतलब है, उन्हें यात्रियों की सुरक्षा से कोई सरोकार नहीं दिखता। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या हर साल शादी सीजन और गर्मी के दौरान और भी बढ़ जाती है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठाता।

अगर समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, जिसमें निर्दोष लोगों की जान जा सकती है। छोटे छोटे बच्चो को लेकर सफर कर रही है और बसों में खचा खच भीड़ को देखकर हरिभूमि ने शासन प्रशासन को अवगत कर रही है ,ताकि कोई जनहानि न हो समय रहते बसों की चेकिंग किया जाए ताकि सवारी सुरक्षित रहे।

यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि बसों में क्षमता के अनुसार ही सवारियां बैठाई जाएं और नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए। साथ ही नियमित जांच अभियान चलाकर ओवरलोडिंग करने वाले बस संचालकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को कितनी गंभीरता से लेता है। यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो यह लापरवाही किसी बड़ी अनहोनी का कारण बन सकती है।

# राजीव ने गांवों को मुख्यधारा से जोड़कर सशक्त बनाया : ताम्रध्वज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा




दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम रिसामा में राजीव गांधी पंचायती राज दिवस के अवसर पर पंचायती राज सम्मेलन का आयोजन किया गया। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन (कांग्रेस) द्वारा 24 अप्रैल राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर पंचायती राज पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान ग्रामसभा संवाद और पंचायती राज सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें ग्राम स्वराज, मनरेगा, और ग्रामीण विकास पर चर्चा कर कार्यकर्ताओं व सरपंचों का मार्गदर्शन किया गया।

■ रिसामा में पंचायती राज सम्मेलन का आयोजन

कार्यक्रम आयोजक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गीता महानंद राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ नेतृत्व में जिले के ग्राम रिसामा में पंचायती राज सम्मेलन का आयोजन रखा गया। मुख्यअतिथि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष, पंचायती राज संगठन छत्तीसगढ़ महेन्द्र नेताम ने की। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष गीता महानन्द, विशेष अतिथि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, नंद कुमार सेन, डिकेंद्र हिरवानी, पूर्व सभा. जिला पं.दुर्ग योगिता चन्द्राकर, उप अध्यक्ष जनपद पंचायत राकेश हिरवानी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष महेन्द्र सिन्हा, पूर्व जनपद सदस्य टिकेश्वरी लाल देशमुख, जनपद सदस्य झमित गायकवाड़ और सरपंच रिसामा रोशन साहू उपस्थित थे।

मुख्यअतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने इस दौरान कहा कि पंचायती राज महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने की दिशा में एक मजबूत आधार रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने गांवों को देश की मुख्यधारा से जोड़कर भारत के गांवों को सशक्त बनाया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण के विभिन्न पंचायत के वर्तमान एवं पूर्व सरपंचो को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में घसिया राम देशमुख, मुक्ति सुधाकर, पोषण सिंह ठाकुर, रेखा चतुर्वेदी, ज्योति यादव, उमा रिगरी, ललिता बारले, गोवर्धन बारले, दिलीप साहू, युगल साहू, पोषण साहू, तेजराम चंदेल, टिकेंद्र ठाकुर, घनश्याम गजपाल, केशरी साहू, धर्मेंद्र बंजारे, प्यारी निषाद, मिलनतिन ठाकुर, किशोरी देशमुख, हरेंद्र देव, भरत चन्द्रकार, आत्मा राम पटेल, अरुण गौतम, नवनीत चन्द्रकार, भूपेश, युवराज, शशि, सरोज, आशा और मीना सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बीएड प्रशिक्षणार्थियों ने किया पचमढ़ी का शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय, अंडा दुर्ग (छत्तीसगढ़) के शिक्षा विभाग द्वारा बी.एड. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर (सत्र 2025-26) के प्रशिक्षणार्थियों के लिए पचमढ़ी में शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण के साथ-साथ अनुभवात्मक अधिगम, प्राकृतिक अध्ययन एवं सामूहिक सहभागिता के माध्यम से व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था।

■ जीवनोपयोगी अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया

पंचमढ़ी के रमणीय प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने विभिन्न ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं दर्शनीय स्थलों का अवलोकन किया तथा उनके महत्व को समझा। भ्रमण के दौरान समूह गतिविधियों, शैक्षिक चर्चाओं एवं सहभागितापूर्ण क्रियाकलापों के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों के ज्ञान, व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व क्षमता में अभिवृद्धि हुई। इस शैक्षणिक यात्रा ने प्रशिक्षणार्थियों को कक्षा के बाहर सीखने, प्रकृति से जुड़ने, सहयोग एवं टीम भावना विकसित करने तथा जीवनोपयोगी अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक एवं अविस्मरणीय अनुभव सिद्ध हुआ। महाविद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित इस भ्रमण में प्राध्यापकगणों के निर्देशन एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महाविद्यालय के अध्यक्ष राजन कुमार दुबे ने इस सफल आयोजन हेतु शिक्षा विभाग एवं विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित की। यह शैक्षणिक भ्रमण केवल यात्रा नहीं, बल्कि सीखने, सहयोग व अविस्मरणीय स्मृतियों के निर्माण का एक सशक्त माध्यम सिद्ध हुआ।

# सशिमं जामुल का रहा उत्कृष्ट परिणाम

**जामुल।** सरस्वती शिशु मंदिर जामुल सरस्वती शिक्षा संस्थान रायपुर और विद्या भारती नई दिल्ली से संबंध विद्यालय का स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। विद्यालय के सचिव यशवंत सिंह ठाकुर और प्राचार्य संजय शर्मा ने बताया कि कक्षा अरुण में नया निषाद 96 प्रतिशत लेकर प्रथम पल्लवी निषाद 95 प्रतिशत लेकर द्वितीय और लीला यादव 94 प्रतिशत लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा उदय में प्रथम गीताश्री यादव 100 प्रतिशत, द्वितीय प्रांश यादव 92 प्रतिशत, तृतीय स्थान लव्या चौहान, लावण्या साहू 91% लेकर उतीर्ण हुआ। प्रभात में प्रथम तानिया पटेल 100 प्रतिशत , द्वितीय सोमेश्वर साधना, भावना साहू, ईशा 99 प्रतिशत, तृतीय प्रियंका साहू, रीना कुमारी साहू 96 प्रतिशत लिया। प्रथम में मेधा साहू 96.5 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान, सिद्धार्थ साहू 95 प्रतिशत लेकर द्वितीय स्थान, रेणुका साहू 91 प्रतिशत लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय में आदित्य गुप्ता 98 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान, कुसुम लहरे 93.5 प्रतिशत लेकर द्वितीय स्थान, रिया यादव 92.5 लेकर तृतीय स्थान,कक्षा तृतीय में प्रथम लक्ष्मी यादव 96 प्रतिशत, द्वितीय नेहा साहू 94 प्रतिशत, तृतीय केमिता निषाद 92.5 प्रतिशत, चतुर्थ में योगिता वर्मा ने 99.5 प्रतिशत लेकर प्रथम स्थान, मानवी यादव ने 97.5 प्रतिशत लेकर द्वितीय और कुमकुम यदु ने 97.5 प्रतिशत लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। षष्ठ में प्रथम देविका यादव 81 प्रतिशत, दूसरा आशीष यादव 66.5 प्रतिशत, तृतीय भेनुका साहू 60 प्रतिशत, सप्तम में इशिका साहू 83 प्रतिशत लेकर प्रथम, स्थान नंदिनी निषाद 81.8 प्रतिशत लेकर, द्वितीय स्थान रीमा साहू 81 प्रतिशत लेकर तृतीय, नवम में मुस्कान चंदेल 93 प्रतिशत लेकर प्रथम, तोसी यादव 85 प्रतिशत लेकर द्वितीय, जिज्ञासा पटेल ने 81 प्रतिशत लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।



# ताम्रकार समाज का सामूहिक विवाह समारोह आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमधा

ताम्रकार समाज द्वारा आयोजित आदर्श सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन रविवार को तमेर पारा, धमधा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम हैहयवंशी क्षत्रिय ताम्रकार समाज कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें 7 नवदंपत्ति जोड़ों का विधि-विधान से विवाह कराया गया। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन विगत 22 वर्षों से लगातार किया जा रहा है और अपनी सादगी, सामाजिक एकता एवं सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में विशेष पहचान बना चुका है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में विवाह के अनावश्यक खर्चों को कम करना तथा जरूरतमंद परिवारों को सहयोग प्रदान करना है। समारोह में हजारों की संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा, विशिष्ट अतिथि ईश्वर साहू विधायक साजा, जितेंद्र साहू अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ तेलघानी विकास बोर्ड, श्वेता प्रशांत अग्रवाल अध्यक्ष, नगर पंचायत धमधा तथा पवन शर्मा उपाध्यक्ष, जिला पंचायत उपस्थित थे।

■ 7 जोड़े बंधे वैवाहिक बंधन में

इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने समाज के भवन निर्माण एवं बाउंड्रीवॉल के लिए आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक मिनेशचंद ताम्रकार, श्रवण ताम्रकार, समाज के अध्यक्ष नीलकमल ताम्रकार (नीलू) एवं सचिव विमलचंद ताम्रकार सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित थे। समाज के पदाधिकारियों द्वारा सभी नवदंपत्तियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर समाज के पदाधिकारियों ने सभी सहयोगियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

# नवीन शिक्षक संघ ने जनगणना के लिए स्थानीय शिक्षकों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने की मांग



**उतई।** नवीन शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत के मार्गदर्शन मे प्रदेश सचिव गिरीश साहू ने कलेक्टर दुर्ग के अनुपस्थिति ज्ञापन सौंपकर जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य हेतु स्थानीय शिक्षकों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने, एसआईआर व रिजर्व जनगणना कर्मी को मानदेय भुगतान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। प्रदेश अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत व गिरीश साहू ने बताया है की जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य मे राजनांदगाँव जिला के छुरिया, डोंगरगांव ब्लॉक ,बेमेतरा से साजा ब्लॉक के शिक्षकों के साथ-साथ 40 से 70 किलोमीटर कार्य व निवास करने वाले महिला व पुरुष शिक्षकों की ड्यूटी लगा दिया गया है जिससे सभी शिक्षक मानसिक रूप से परेशान हो गए हैं कि अत्यधिक दूरी से प्रतिदिन आना जाना करके कैसे जनगणना कार्य अनजान जगह में कैसे कार्य करेंगे। नवीन शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष संजीव मानिकपुरी, ब्लॉक अध्यक्ष पाटन जागेश्वर चंद्राकर, दुर्ग दीपक साहू व धमधा संजय शर्मा ने जिला कलेक्टर व नोडल अधिकारी दुर्ग भिलाई से अपील किया है की अत्यधिक दूरी मे निवासरत व कार्यरत महिला शिक्षकों व पुरुष शिक्षकों को कार्यमुक्त कर स्थानीय व आसपास के शिक्षकों व कर्मचारियों को जनगणना ड्यूटी मे संलग्न किया जाय।

## नाम परिवर्तन

मैं NIKKI YADAV उम्र 27 वर्ष पिता PANDEY पता मकान क्रमांक 352, ब्लाक क्रमांक-7, जुनवानी मोतीलाल नेहरू नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. की हूँ जो कि निम्न लिखित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करती हूँ :- 01. यह कि मैं उपरोक्त दर्शाये गये पते पर निवास करती हूँ। 02. यह कि मेरी माताजी श्रीमती कुमुदिनी यादव पति श्री पांण्डेय यादव द्वारा बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा स्मृति नगर भिलाई में एक एफडी खाता संख्या 87650300007072 दिनांक 19.05.2025 को कराया गया है इस एफडी में मेरी उक्त माताजी द्वारा मुझे पूर्ण रूप से नॉमिनी नियुक्त किया गया है। 03. यह कि मेरी उक्त माताजी द्वारा उक्त एफडी खाता में मेरा नाम NIKITA दर्ज किया गया है। 04. यह कि मेरे आधार कार्ड संख्या 9538 6194 6753 में तथा मेरे बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा स्मृति नगर के खाता क्रमांक 87650100009090 में एवं मेरे पेन कार्ड संख्या ASJPY8997R में मेरा नाम NIKKI YADAV दर्ज है। 04. यह कि मेरे समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम निक्की NIKKI दर्ज है। 05. यह कि NIKKI YADAV व निक्की NIKKI ये नाम एक ही व्यक्ति के है अर्थात ये नाम मेरे स्वयं का है। 06. यह कि मेरा वास्तविक सही नाम NIKKI YADAV है जिसे मैं माताजी के एफडी खाते के नॉमिनी रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहती हूँ। 07. यह कि मेरी उक्त माताजी के उक्त एफडी खाते में, एवं मेरी माताजी के मृत्यु प्रमाण पत्र में मेरे पिता का नाम PANDEY YADAV दर्ज है तथा मेरे आधार कार्ड एवं मेरे पेन कार्ड में मेरे पिता का नाम PANDEY दर्ज है। जो दोनो नाम मेरे पिता का ही है। 08. यह कि मेरी उक्त माताजी कुमुदिनी यादव की मृत्यु दिनांक 05.03.2026 को हो गया है जिनके मृत्यु उपरांत उनके एफडी खाते में जमा राशि को नॉमिनी नियुक्त होने के कारण प्राप्त करना चाहती हूँ जिसके जानकारी के समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत है।

निक्की यादव
शपथकर्ता

## NAME CHANGE

I, Vijitdev shukla son of Rajnish Shukla residing at Plot No. 6/11/12, Radhika Nagar, po. Supela, Bhilai, Chhattisgarh 490023, here by declare that, I have changed my name as Anish Dev Shukla (as per my school certificate/ aadhar copy) vide affidavit No.523dt. 25.04.2026

Anish dev Shukla

# कचान्दुर में नाली निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



**जामुल।** ग्राम पंचायत कचान्दुर में सोमवार को मनरेगा के अंतर्गत निर्माण कार्य के लिए 18 लाख 22 हजार की लागत के सीसी नाली का भूमिपूजन गांव के सम्मानित व्यक्ति बड़े बुजुर्गों की उपस्थिति में ग्राम कचान्दुर के बाजार चौक से सनत पटेल के बाड़ी तक सीसी नाली निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। इस कार्यक्रम में गोकुल वर्मा सभापति जनपद पंचायत दुर्ग, ग्राम पंचायत सरपंच कीर्तन साहू, उप सरपंच उदय राम वर्मा, पंच रमेश कुमार वर्मा एवं ग्राम के वरिष्ठ नागरिक बिसम्भर साहू सहित आदि उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# एक रुपए के छोटे सिक्के पर विवाद, नहीं ले रहे व्यापारी और ग्राहक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले में इन दिनों 1 रुपए के छोटे के सिक्कों को लेकर अजीब स्थिति बननी हुई है। कई व्यापारियों और खरीदार द्वारा छोटे सिक्के लेने से इनकार किया जा रहा है, जिससे बाजार में आए दिन ग्राहकों और दुकानदारों के बीच बहस और विवाद की स्थिति बन रही है।

जानकारी के मुताबिक शहर के कई इलाकों में दुकानदार और खरीदार साफ तौर पर 1 रुपए के छोटे सिक्के लेने से मना कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह छोटा सिक्का अब चलन से बाहर हो चुका है। इसलिए वे इसे स्वीकार नहीं कर रहे, लेकिन यह दावा पूरी तरह गलत है। भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार 1 रुपए के छोटे सिक्के अभी भी पूरी तरह वैध मुद्रा हैं और इन्हें लेने से कोई भी व्यापारी मना नहीं कर सकता। इसके बावजूद जागरूकता की कमी और अफवाहों के चलते बाजार में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इसका सीधा असर आम ग्राहकों पर पड़ रहा है। कई बार लोग सामान खरीदने के बाद जब भुगतान में 1 रुपये का सिक्का देते हैं, तो दुकानदार लेने से मना कर देते हैं, जिससे मौके पर ही बहस शुरू हो जाती है। कई मामलों में स्थिति तू-तू मैं-मैं तक पहुंच रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस मामले में हस्तक्षेप कर स्पष्ट निर्देश जारी करने चाहिए, ताकि बाजार में फैली इस गलतफहमी को दूर किया जा सके। साथ ही व्यापारियों को भी नियमों की जानकारी देकर उन्हें इसका पालन करने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए।

## भारतीय मुद्रा का अपमान करने पर लीगल टेंडर अधिनियम के तहत अपराध दर्ज करने का प्रावधान



### प्रमुख कानूनी प्रावधान और कार्रवाई

जानकारों के अनुसार यदि कोई वैध भारतीय मुद्रा लेने से मना करता है, तो यह देश की मुद्रा का अपमान माना जाता है। इसमें बीएनएस की धारा 152 के तहत कार्रवाई का प्रावधान है। यह धारा उन कृत्यों पर लागू होती है, जिनसे भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा हो। बीएनएस की धारा 152 के तहत दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास या 7 साल तक की कैद के साथ जुर्माने का प्रावधान है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति या दुकानदार के खिलाफ भारतीय मुद्रा का अपमान करने पर लीगल टेंडर वैध मुद्रा अधिनियम के तहत अपराध दर्ज की जा सकती है।

### यहां करें शिकायत

अगर कोई व्यक्ति आपसे कोई भी मुद्रा लेने से मना करता है तो आप रिजर्व बैंक की आधिकारिक वेबसाइट एम डॉट आरबीआई डॉट इन पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी और स्थानीय पुलिस थाने में भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### 1 रुपए का छोटा सिक्का पूरी तरह वैध

" 1 रुपये का छोटा सिक्का आज भी पूरी तरह चलन में है और इसे लेने से मना करना गलत है। जब तक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा किसी भी सिक्के को आधिकारिक रूप से बैन नहीं किया जाता, तब तक वह वैध मुद्रा रहता है और उसका लेन-देन हर जगह किया जाना चाहिए।

**अजय भसीन**, महामंत्री छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स

## खबर संक्षेप

### दिलीप कुमार बने सेल के मुख्य सतर्कता अधिकारी



**भिलाई।** इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स (आईआरएसएमई) के वरिष्ठ अधिकारी दिलीप कुमार ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) का कार्यभार ग्रहण किया है। उनके पास ट्रेन संचालन, रोलिंग स्टॉक रखरखाव और मानव संसाधन प्रबंधन में दो दशकों से अधिक का अनुभव है। उन्होंने भारतीय रेलवे में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है, जिनमें पूर्व मध्य रेलवे के अपर मंडल रेल प्रबंधक और नालंदा में हरनौत के मुख्य कारखाना प्रबंधक का पद शामिल है।

### ग्रीष्मकाल में विद्युत अवरोध हेल्प लाइन नंबर जारी

**भिलाई।** बीएसपी के नगर विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान टाउनशिप निवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रात्रिकालीन विद्युत अवरोध संबंधी शिकायतों के पंजीकरण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। इस पहल का उद्देश्य बढ़ती गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को त्वरित एवं सुगम शिकायत निवारण सुविधा प्रदान करना है। दो रात्रि पाली में दूरभाष के माध्यम से शिकायत दर्ज करने के लिए दो हेल्पलाइन नंबर निर्धारित किए गए हैं। यह सुविधा रात 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक उपलब्ध रहेगी।

## भारीभरकम आवासीय किराया वृद्धि वापस नहीं होने से सेवानिवृत्तों में बढ़ा असंतोष

# चार महीने बाद भी रिटेंशनधारियों का कम नहीं हुआ टेंशन, आवास छोड़ने हो रहे मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिटायर बीएसपी कर्मचारियों का रिटेंशन आवासीय किराया प्रबंधन द्वारा अब तक कम नहीं किए जाने से भारी परेशानी से रहवासियों में असंतोष बढ़ रहा है। भारीभरकम किराया राशि नहीं जमा कर पाने से कई रहवासी मकान छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी द्वारा दिसंबर 2025 से रिटेंशनधारियों का आवासीय किराया 32 गुना बढ़ा दिया गया है। तीन चार हजार रुपए मासिक किराया आता था, जो अब 15 हजार से 20 हजार रुपए भेजा जा रहा है। इसका पिछले चार महीने से रिटेंशनधारियों सहित यूनियनों और कांग्रेस और भाजपा द्वारा विरोध किया जा रहा है। रिटेंशन स्कीम को पूर्ववत रखे जाने की मांग की जा रही है। लेकिन आंदोलनों के बाद भी अब तक किराया वृद्धि वापस नहीं लिए जाने से रिटेंशनधारियों में चिंता और आक्रोश बढ़ रहा है। कई रिटायर कर्मचारी मजबूर आवास छोड़कर अन्यत्र जाने मजबूर हो रहे हैं। प्रभावित रिटेंशनधारियों का कहना है कि बीएसपी और नेताओं के चक्कर लगाते लगाते थक गए हैं लगातार आश्वासन के बाद भी हर महीने बढ़ा हुआ किराया बिल व नोटिस मिल रहा है। यूनियनों के मुताबिक अब तक रिसाली, सेक्टर 4 व 2 आदि सेक्टर के करीब सौ रिटेंशनधारी बीएसपी क्वार्टर छोड़ चुके हैं। वहीं अधिकतर रहवासियों ने किसी भी स्थिति में आवास खाली नहीं करने के साथ मनामाना किराया वृद्धि जल्द वापस लेने की मांग की है। ऐसा नही किए जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

## सैकड़ों रिटायर आवासधारियों के साथ कांग्रेस व भाजपा कई बार कर चुके धरना प्रदर्शन



### जल्द राहत नहीं मिलने पर होगा आंदोलन

किराया वृद्धि को वापस लेने की मांग को लेकर पिछले तीन महीने के दौरान यूनियनों के अलावा कांग्रेस और भाजपा कई बार धरना प्रदर्शन किए जा चुके हैं। इसके तहत भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव जिला कांग्रेस के समर्थन से भिलाई बचाओ आंदोलन के तहत दिसंबर में 4 दिन तक सिविकसेंटर पार्किंग मैदान में आमरण अनशन कर चुके हैं। इसके बाद पिछले महीने पैदल मार्च और गर घर रिटेंशनधारियों से मिलकर बड़े आंदोलन के लिए सर्वे भी करवा चुके हैं। पिछले महीने 25 मिलियन चौक पर विधायक ने जल्द किराया वृद्धि वापस नहीं लेने पर इस्पात भवन के सामने रिटेंशनधारियों व कांग्रेसजनों के साथ बेमुद्दत धरना देने की चेतावनी दी थी। इसके अलावा सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय भी कई बार प्रबंधन व इस्पात मंत्री से राहत की मांग कर चुके हैं। वहीं सेवानिवृत्त रिटेंशनधारी कल्याण संघ के साथ जिला भाजपा द्वारा नगर सेवाएं कार्यालय के सामने जंगी प्रदर्शन बाद शहर में स्कूटर रैली निकाल चुके हैं। लेकिन अब तक बीएसपी प्रबंधन द्वारा समस्या का निदान नहीं किया गया है।

### बढ़ाया बत्तीस गुणा किराया

टाउनशिप में चौदह सौ रिटेंशनधारियों को बीएसपी क्वार्टर अलाट किया गया है। प्रबंधन द्वारा सभी बीएसपी सेवानिवृत्त रहवासियों से 5 से 10 लाख रुपए सुरक्षा निधि जमा कराया गया है और मासिक बिजली सफाई आवासीय मासिक किराया लिया जाता है। रिटेंशनधारियों के मुताबिक पिछले दिसंबर में 24 रुपए प्रति वर्गफुट के दर पर 32 गुना किराया वृद्धि कर देने से 15 से 29 हजार रुपए जमा कर पाना मुश्किल हो रहा है। एक ओर तो टाउनशिप में राज्य शासन के कई अधिकारी कर्मचारी और सैकड़ों अन्य पेशेवर कब्जाधारी बीएसपी क्वार्टरों में कब्जा कर वर्षो से रह रहे हैं, जिन्हें तीन साल अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के बाद भी हटाया नहीं जा सका है। वहीं दूसरी ओर बीएसपी द्वारा बीएसपी के विकास में दीर्घ योगदान देने वाले और करोड़ों का राजस्व देने के साथ आवासों को मेंटेन व कब्जा से बचाने वाले रिटायर कर्मियों का किराया बढ़ाकर बेघर किया जा रहा है। किराया वृद्धि व रिटेंशन स्कीम को ही समाप्त कर देने से रिटायर हो रहे उन कर्मियों की भी आवास को लेकर चिंता बढ़ गई है, जो बच्चों की पढ़ाई, शादी आदि में रुपए खर्च करने के चलते अब तक मकान नहीं बना पाए हैं।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मुद्दे पर भाजपा ने विपक्षी दलों का फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भाजपा कार्यालय दुर्ग में आक्रोश सम्मेलन का आयोजन कर विपक्षी पार्टियों का पुतला दहन किया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष वर्णिका शर्मा सहित जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, महापौर अलका बाघमार, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर आदि उपस्थित थे।

आक्रोश सम्मेलन के बाद रैली के रूप में महिला मोर्चा द्वारा कांग्रेस सहित इंडी गठबंधन का पुतला पुराना बस स्टैंड में फूंका गया। वर्णिका शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने महिला आरक्षण का विरोध करके देश की महिलाओं का अपमान किया है और देश की महिलाएं अपने इस अपमान को सदैव याद रखकर कांग्रेस को सबक सिखाएंगीं। भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण से जुड़े नारी शक्ति वन्दन अधिनियम सहित तीन विधेयक लोकसभा में लाए गए थे। नारी शक्ति वन्दन अधिनियम को लेकर देशभर की महिलाओं में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा था। उन्हें तथा समाज के सभी वर्गों को विश्वास था कि यह विधेयक पारित हो जाएगा लेकिन कांग्रेस के लोगों ने अपने मनगढ़ंत तर्कों व कुटिल सोच के साथ इस बिल का विरोध किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा महिलाओं का अपमान किया है। आक्रोश सम्मेलन को महापौर अलका बाघमार और मोर्चा जिलाध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर ने भी संबोधित किया। संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री ममता राव और आभार प्रदर्शन महामंत्री महिला मोर्चा डॉ. भारती साहू ने किया।

KALDA HOSPITAL कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

# पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने का दावा, पूर्व विधायक ने गिनाए कारण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सांवलाराम डाहरे ने दावा किया है कि इस बार राज्य में भाजपा की सरकार बनना तय है।

उन्होंने कहा कि पिछले तीन महीनों से चुनावी माहौल को करीब से देखने और कार्यकर्ताओं के साथ लगातार संवाद के आधार पर यह स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं कि जनता बदलाव के मूड में है। उनके मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार, वादाखिलाफी, कानून व्यवस्था और तुष्टिकरण जैसे मुद्दों को लेकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में नाराज़गी देखी जा रही है। डाहरे ने यह भी कहा कि भाजपा ने विकास, महिलाओं की सुरक्षा और लोकतंत्र की मजबूती जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है, जिसका असर जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है। उनका दावा है कि मतदाता भले ही खुलकर सामने नहीं आ रहे हों, लेकिन मतदान के जरिए अपनी राय स्पष्ट कर रहे हैं। उन्होंने पहले चरण के मतदान को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बदलाव का संकेत है। साथ ही यह भी कहा कि राज्य की जनता अब नए राजनीतिक अध्याय की ओर बढ़ने के लिए तैयार है।

## स्कूल में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का नपा अध्यक्ष ने किया स्थल पूजन



**भिलाई।** नगर पालिका परिषद जामुल वार्ड 18 शिवपुरी में कर्मा माता स्कूल में स्थल पूजन किया गया। इस दौरान नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने स्कूल के समिति के सदस्यों के साथ चर्चा किया। उन्होंने राज्य सरकार के सहयोग व उपाध्यक्ष अनुसुचित जाति प्राधिकरण व विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा के सहयोग से यहां सारे विकास कार्य होने की जानकारी दी है। अधोसंरचना मद से 10 लाख रूपये के लागत से शिक्षण संस्थान में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण शुरु हुआ। नपा अध्यक्ष ठाकुर ने कहा कि दैनिक मुलभुत ही नहीं अन्य सामाजिक, शिक्षण सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी कार्य करते रहे।बड़े बुजर्गो एवं सामाजिकगणों ने इस पुनीत कार्य कार्य के लिए विद्या प्रांगण में आमंत्रित किया। इसके लिए नमन करता हूं साधुवाद देता हूं। पूजन कार्यक्रम पंडित राकेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद तिलेश्वर देवांगन, वार्ड 16 पार्षद चुम्मन वर्मा, जगदीश साहू, डॉ. डी.एस. साहू, खिलावन साहू, गिरधारी साहू, परदेशी राम साहू, जनक साहू, संतु साहू, मनीष साहू, दुर्योधन साहू, अरूण यादव, विशेश्वर वर्मा, शत्रुहन साहू समेत शिक्षिकागण अन्य मौजूद थे।

# एचपीवी टीकाकरण का विस्तार, अब शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में भी सुविधा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान का दायरा बढ़ा दिया गया है। अब यह टीकाकरण केवल जिला अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि भिलाई के सात शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी इसकी शुरुआत कर दी गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने प्रत्येक केंद्र में प्रतिदिन 20 बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य तय किया है, ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक इस अभियान का फायदा पहुंच सके। जिन शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में टीकाकरण शुरू किया गया है, उनमें खुर्सीपार, छावनी, बैकुंठधाम, वैशालीनगर, कोहका, कोसानगर और टंकी मरोदा शामिल हैं। इन सभी केंद्रों को जिला कोल्ड चेन सेंटर दुर्ग द्वारा 100-100 डोज उपलब्ध कराए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य टीकाकरण को और ज्यादा सुलभ बनाना है, ताकि बालिकाएं आसानी से अपने नजदीकी केंद्र में जाकर टीका लगवा सकें और गंभीर बीमारी से सुरक्षित रह सकें।



### टीका लगाने के पहले सर्टिफिकेट जनरेट करना जरूरी

एचपीवी टीकाकरण अभियान में यू-वीन पोर्टल की तकनीकी शर्तों को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं। बताया गया है कि बालिकाओं का सर्टिफिकेट जनरेट होने के बाद ही उन्हें टीका लगाना है। दरअसल, यू-वीन पोर्टल केवल 14 से 15 वर्ष की आयु सीमा के भीतर आने वाली बालिकाओं का ही डेटा स्वीकार करता है। यदि उम्र 14 वर्ष से एक दिन भी कम या 15 वर्ष से अधिक होती है, तो पोर्टल एंट्री स्वीकार नहीं करता। ऐसे में टीकाकरण के पहले सर्टिफिकेट जनरेट सुनिश्चित करना जरूरी किया गया है। बीईटीओ हितेन्द्र कोसरे ने बताया कि अभियान को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए सभी चिकित्सा अधिकारियों और कम्प्यूटर डाटा हैंडलर्स को एचपीवी वैक्सिनेशन और यू-वीन पोर्टल में डेटा एंट्री की विशेष ट्रेनिंग दी गई है। किसी को यू-वीन में एंट्री करने में परेशानी होने पर उन्हें सिविल अस्पताल बुलाकर ट्रेनिंग दी जा रही है।

Care With Confidence (NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
हर्निया क्या होता है
इसके लक्षण, कारण, प्रकार एवं ईलाज हेतु संपर्क करें
24 Hours Helpline 9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

## 25 मार्च की सामान्य सभा के संकल्प का उल्लंघन

# भिलाई निगम में बवाल, आयुक्त को हटाने के प्रस्ताव के बाद भी फैसले जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। 25 मार्च को हुई सामान्य सभा में आयुक्त को पद से हटाने का प्रस्ताव पारित होने के बावजूद उनके द्वारा लिए जा रहे फैसलों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा पार्षदों ने इस मामले को गंभीर बताते हुए कलेक्टर दुर्ग को शिकायत सौंप दी है।

- भाजपा पार्षदों ने कलेक्टर से की शिकायत
- आयुक्त के सभी निर्णयों को शून्य घोषित करने की मांग



पार्षदों का कहना है कि छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 54(2) के तहत यदि 3/4 बहुमत से प्रस्ताव पारित हो जाता है, तो आयुक्त को तत्काल प्रभाव से पदमुक्त माना जाता है। इसके बावजूद आयुक्त द्वारा नीतिगत और प्रशासनिक निर्णय लिए जा रहे हैं, जो पूरी तरह अवैधानिक हैं। शिकायत पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि ठेकेदारों के भुगतान जैसी प्रक्रियाएं जारी हैं, जो सामान्य सभा के निर्णय का सीधा उल्लंघन है। भाजपा पार्षदों ने इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का हनन बताया है।

पार्षदों ने मांग की है कि 25 मार्च के बाद आयुक्त द्वारा लिए गए सभी निर्णयों को तत्काल प्रभाव से शून्य घोषित किया जाए। आयुक्त को किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई करने से रोका जाए। साथ ही शासन से नए आयुक्त की नियुक्ति तक किसी सक्षम अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाए। पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं होती, तो यह न सिर्फ निगम की कार्यप्रणाली को प्रभावित करेगा, बल्कि जनप्रतिनिधियों की गरिमा पर भी आंच आएगी। ज्ञापन सौंपने वालों में पीयुष मिश्रा, महेश वर्मा, संतोष मौर्य, लक्ष्मी दिवाकर, शकुंतला साहू, वीणा चंद्राकर, ईश्वरी नेताम, नोहर वर्मा, लक्ष्मीबाई साहू, पी श्याम सुंदर राव आदि शामिल थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई, 25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129




### डेकोरेटिव पॉट्स में लगाए सक्यूलेंट्स प्लांट्स

प्रियदर्शनी परिसर रोड स्थित तारकेश्वर नर्सरी के संचालक राहुल और रोहित ने बताया कि गर्मी में इंडोर प्लांट्स की मांग सबसे अधिक हो रही है। लोग बालकनी, रूम व ऑफिस-दुकानों में बहुत कम जगह में ग्रीन व फ्रेशनेस के लिए इंडोर प्लांट डेकोरेट करने खरीद रहे हैं। इन प्लांट्स में सक्यूलेट प्लाट्स सबसे अच्छे विकल्प हैं। ये छोटे साइज के होते हैं और कम पानी में लंबे समय तक टिके रहते हैं। इन्हें छोटे डेकोरेटिव पॉट्स में लगाकर बालकनी को ट्रेंडी लुक दिया जा सकता है। इससे गर्मी के मौसम में बालकनी का वातावरण आकर्षक के साथ-साथ तापमान को कंट्रोल करने में बेस्ट ऑप्शन है। ट्विनसिटी भिलाई-दुर्ग में भीषण गर्मी के बीच अब लोग अपने घरों को हरा-भरा रखने के लिए खासा जागरूक नजर आ रहे हैं। छत, बालकनी और टेरेस गार्डन में कम पानी में पनपने वाले पौधों की मांग बढ़ गई है, वहीं तेज धूप से बचाने के लिए ग्रीन नेट का इस्तेमाल भी तेजी से बढ़ रहा है।

## लाइव इवेंट

### चिकित्सकों ने सीखें आधुनिक तकनीक के गुर, प्रतिभागियों ने लिया प्रशिक्षण



**भिलाई।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) दुर्ग-भिलाई द्वारा डेंसप्लाई सेरोना और विन मेडिकेयर के सहयोग से एक दिवसीय दंत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम सीडीई और हैंड्स-ऑन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दुर्ग के होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आए दंत चिकित्सकों ने आधुनिक डेंटल तकनीकों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

- दुर्ग-भिलाई में दंत चिकित्सकों के लिए विशेष सीडीई एवं हैंड्स-ऑन कार्यशाला का आयोजन

**विशेषज्ञों का मार्गदर्शन:** कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुणे के विशेषज्ञ डॉ. निरंजन वाटकर रहे, जिन्होंने नवीनतम दंत चिकित्सा प्रक्रियाओं, उन्नत उपकरणों और उपचार की आधुनिक पद्धतियों पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उनके अनुभवपूर्ण मार्गदर्शन से प्रतिभागियों को व्यावहारिक ज्ञान मिला। इसी क्रम में डॉ. आस्था श्रीवास्तव ने बीटाडीन के उपयोग पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए इसके चिकित्सकीय लाभ और सावधानियों व बारीकियों पर प्रकाश डाला। व्याख्यान सत्र के बाद आयोजित हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने सीखी गई तकनीकों का अभ्यास कर व्यावहारिक अनुभव भी हासिल किया।

इस कार्यक्रम के चेयरपर्सन डॉ. पंकज कुमार गुप्ता विशेष रुप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. दीप्ति राठौर ने अपने संबोधन में दंत चिकित्सकों को निरंतर शिक्षा और नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संचालन में सचिव डॉ. सायली कुरैशी तथा सीडीई कोऑर्डिनेटर डॉ. स्मिता श्रीवास्तव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन में डॉ. फातिमा खान, डॉ. नावेद खान, डॉ. सविता कबडवाल, डॉ. दीक्षाली इंदुरकर, डॉ. श्रेनिक नाहटा, डॉ. साकेत बंछोर, डॉ. रिया जैन, डॉ. रजत जैन और डॉ. सुयोग जैन का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर डॉ. डब्ल्यू. सी. ल्यू, डॉ. समीर बरड़िया सहित दुर्ग-भिलाई के अनेक वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित दंत चिकित्सक उपस्थित रहे, जिन्होंने इस उपयोगी शैक्षणिक पहल की सराहना की।




## सिटी इवेंट

### ब्रह्मप्रकाश पत्रिका का विमोचन 3 को दिखेगी ब्राह्मण समाज की एकजुटता



**भिलाई।** सरयू पारीण ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग द्वारा समाज की एकता, परंपरा और बौद्धिक जागरूकता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से वार्षिक आम सभा और ब्रह्म प्रकाश पत्रिका का विमोचन 3 मई को स्मृति नगर स्थित ब्रह्म प्रकाश भवन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह साढ़े 10 बजे वार्षिक आम सभा से होगी, जिसमें समाज के विभिन्न मुद्दों, गतिविधियों और भावी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे समाज की पत्रिका ब्रह्म प्रकाश का विमोचन संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महंत राजश्री रामसुंदर दास दूधाधारी मठ, रायपुर और विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय उपस्थित रहेंगे और जिनके द्वारा पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। महासचिव रामलखन मिश्र ने बताया कि यह आयोजन समाज की वैचारिक समृद्धि, सांस्कृतिक धरोहर और नई पीढ़ी को मूल्यों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के संदर्भ में समाज के पदाधिकारियों ने रायपुर जाकर अतिथियों को औपचारिक आमंत्रण प्रदान किया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा, महासचिव रामलखन मिश्र, राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज दुर्ग जिला अध्यक्ष व वरिष्ठ पार्षद पीयूष मिश्रा, विष्णु पाठक, नर्मदा प्रसाद मिश्रा, नागेंद्र पांडे, दिनेश मिश्र, आर.के. पांडे एवं निखिलेश शुक्ला सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में इस आयोजन में उपस्थित होने अपील की है, ताकि आपसी समन्वय, सांस्कृतिक गौरव और सामाजिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।



### गर्मी में ग्रीन कूल का क्रेज, मौसम के अनुरूप घर को कूल वातावरण देने में जुटे लोग

# ट्विनसिटी में बढ़ा ग्रीन होम कॉन्सेप्ट, फ्लैट में बालकनी बन रही मिनी गार्डन, इंडोर प्लांट्स से मिल रहा सुकून और ठंडक

**भिलाई। बढ़ती गर्मी के साथ ही लोग घरों को ग्रीन और कूल बनाने की तैयारी में जुट गए है। इसके लिए घरों के बालकनी गार्डन को मौसम के अनुरूप कम से कम पानी लेने वाले पौधों से डेकोरेट कर रहे हैं, ताकि गर्मी के दिनों में पानी बचाने की जिम्मेदारी के साथ ही घर में ठंडक का एहसास और हरा-भरा नजारा लिया जा सके। स्मृति नगर कालोनी निवासी रमा गोत्री ने बताया कि टैरेस व हाउस गार्डन में मौसम के हिसाब से कई वैरायटीज के पौधे तैयार किए हैं। इस काम में विशेषकर महिलाएं पूरे मन के साथ बालकनी गार्डन को सजाने में अभी से लग गई हैं। वे बालकनी गार्डन के लिए बरसात में तैयार किए गए गार्डन से उन पौधों को सलेक्ट कर डेकोरेट कर रही हैं, जिसे कम से कम पानी की जरूरत होती है। वहीं बागवानी विशेषज्ञों का कहना है, शहरों में जगह की कमी के कारण बड़ा गार्डन बनाना हर किसी के लिए पॉसिबल नहीं होता। ऐसे में घर में छोटी सी बालकनी भी है तो वहां एक खूबसूरत स्मॉल गार्डन तैयार कर सकते हैं। इससे न केवल घर का माहौल फ्रेश और पॉजिटिव रहता है, बल्कि मेंटल पीस और हेल्दी लाइफस्टाइल को भी बढ़ावा मिलता है। अच्छी बात यह है कि इसके लिए बहुत ज्यादा समय या मेहनत की जरूरत नहीं, बस सही लो-मेंटेनेंस प्लांट्स चुनने होते हैं। रमा ने बताया कि फ्लैट में बालकनी में छोटा गार्डन बनाने और कौन से पौधे इसके लिए बेहतर हैं।**



### दीवारों को खूबसूरत लुक देने मनी प्लांट से सजावट




अगर सजावटी और तेजी से बढ़ने वाला पौधा चाहते हैं तो मनी प्लांट जरूर लगाएं। इसे गमले, पानी की बोतल या हैंगिंग बास्केट में आसानी से उगाया जा सकता है। यह ज्यादा देखभाल नहीं मांगता और नियमित हल्की पानी देने से ही हरा-भरा रहता है। इसकी बेले बालकनी की दीवारों को खूबसूरत लुक देती है।



### सूती या लिनन के पर्दे और जूट कालीन भी लगा रहे

इंडोर पौधों के अलावा गर्मी में घर को ठंडा रखने के लिए हल्के रंग के सुती या लिनन के हवादार पढ़ें और जूट के कालीन जी लोग इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं खिड़कियों पर खस के या बांस के शेड भी लगा रहे हैं, ताकि सीधे धूप की तपिश को घर के अंदर आने से रोका जा सके। ऐसे में दोपहर में पर्दे बद रखकर देर शाम कुछ समय के लिए रूम की खिड़कियां व पढ़ें खोलने से फ्रेश ठंडी हवा भी सर्कुलेट होगी।





### स्नेक प्लांट एयर क्वालिटी सुधारने में परफेक्ट

स्नेक प्लांट उन लोगों के लिए परफेक्ट है, जो गार्डनिंग में नए है। यह पौधा कम पानी में भी आसानी से जीवित रहता है और कम रोशनी में भी बढ़ सकता है। इसकी लंबी हरी पत्तियां बालकनी को मॉडर्न और क्लीन लुक देती हैं। खास बात यह है कि यह एयर क्वालिटी सुधारने में भी मदद करता है, इसलिए इसे घर के आसपास रखना फायदेमंद माना जाता है।

## आत्मिक शांति और मोक्ष प्राप्ति के लिए कॉपियों में लिखकर वाहेगुरु मंत्र का निरंतर किया जप

**भिलाई।** स्टेशन रोड स्थित गुरुद्वारे में सिख समाज द्वारा एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्त्री सत्संग की संगत ने श्रद्धा और भक्ति के साथ वाहेगुरु मंत्र का जाप किया। विशेष रूप से संगत की महिलाओं द्वारा मंत्र को कॉपियों में लिखकर तथा उसका निरंतर जप कर उन कॉपियों को गुरुद्वारे में जमा किया गया। सिख परंपरा में नाम सिमरन यानी ईश्वर के नाम का स्मरण को आत्मिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और मोक्ष प्राप्ति का प्रमुख माध्यम माना जाता है। मान्यता है कि वाहेगुरु का एक बार सच्चे मन से जाप करने पर चारों युगों के पुण्य के समान फल प्राप्त होता है। इस कार्यक्रम का आयोजन सागर निवासी सरदार गुरमीत सिंह द्वारा पिछले



30 वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। अब तक लगभग एक अरब पांच करोड़ बार गुरु मंत्र का लेखन और जाप किया जा चुका है, जिसमें 14 शहरों के सिख समाज का योगदान रहा है। दुर्ग में भी कई वर्षों से स्त्री सत्संग की महिलाएं इस सेवा कार्य को समर्पण भाव से निभा रही हैं। कार्यक्रम के संचालन में प्रधान सतनाम कौर विरदी, सुखविंदर कौर, हरमीत कौर, तरविंदर कौर, अमरजीत कौर एवं गुरदीप कौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में समाज के बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही, जिससे गुरुद्वारा परिसर भक्ति और आस्था के माहौल से सराबोर हो उठा।

## सामूहिक विवाह में नवदंपती को चुनरी व मिठाई की भेंटकर दिया आशीर्वाद



**भिलाई।** सामाजिक संस्था दिशा ने अग्रसेन भवन भिलाई में आयोजित सामूहिक सरल विवाह समारोह में नवदंपतियों को आशीर्वाद स्वरूप चुनरी और मिठाई भेंट की। कार्यक्रम में संगीत गुरु अलका देशपांडे का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम के दौरान दिशा की महिला सदस्यों ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सेवा कार्य में भाग लेते हुए दान सामग्री का सुव्यवस्थित वितरण किया। उनकी सहभागिता ने यह संदेश दिया कि सामाजिक कार्यों में महिलाओं की भूमिका न केवल महत्वपूर्ण है, बल्कि प्रेरणादायक भी है। चुनरी एवं मिठाई जैसे पारंपरिक उपहार भारतीय संस्कृति में शुभता और सम्मान का प्रतीक माने जाते हैं, जिससे इस पहल का महत्व और बढ़ जाता है।

इस दौरान राजेश धारकर, जवाहर, उत्तम डे, नरसिम्हा राव, शांतनु दासगुप्ता, भास्कर देवनाथ, अंजन रायचौधरी आदि उपस्थित थे।

### द्वितीय चरण की गोष्ठी गायत्री शक्तिपीठ रामनगर सुपेला में हुई

# गायत्री परिवार का जन्मशताब्दी साधना संकल्प अभियान, बस्तर में भेजे जाएंगे 5 हजार साधना किट

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य की गायत्री साधना अनुष्ठान के 100 वर्ष पूर्ण होने, शांतिकुंज में प्रज्वलित अखंड दीप के 100 वर्ष तथा गायत्री परिवार की सह-संस्थापिका भगवती देवी शर्मा के जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इस वर्ष को विशेष साधना संकल्प वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। द्वितीय चरण की गोष्ठी गायत्री शक्तिपीठ रामनगर, सुपेला भिलाई में आयोजित की गई।बसंत पंचमी से प्रारंभ हुए इस साधना संकल्प अभियान की महत्ता को जन-जन तक पहुंचाने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने के उद्देश्य से शांतिकुंज के प्रतिनिधि एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सुखदेव निर्मलकर के मार्गदर्शन में दुर्ग-भिलाई सहित पूरे प्रदेश के गायत्री शक्तिपीठ, प्रज्ञापीठ एवं प्रज्ञा संस्थानों में लगातार गोष्ठियों का आयोजन किया जा रहा है।





### जनसहयोग से 5 हजार साधना किट निःशुल्क उपलब्ध

इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के सुदूर बस्तर क्षेत्र तक इस अभियान को पहुंचाने का संकल्प लिया गया है। इसके तहत जनसहयोग से वहां के लोगों के लिए 5 हजार साधना किट निःशुल्क उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ में 24 लाख घरों तक गायत्री साधना किट स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।अभियान को गति देने के लिए द्वितीय चरण की गोष्ठी गायत्री शक्तिपीठ रामनगर, सुपेला भिलाई में आयोजित की गई। इस अवसर पर सुखदेव निर्मलकर, उप जोन समन्वयक एस.पी. सिंह, कोरबा शक्तिपीठ के दानेश्वर शर्मा, नेमराज वर्मा, धीरजलाल टांक, रामाधार महिलांग, भगवती संस्थान गायत्री प्रज्ञापीठ रामनगर मुक्तिधाम के सहायक प्रबंध ट्रस्टी मोहन उमरे, गिरधर जंघेल, श्रीमती योगिता वर्मा, परिव्राजक जितेन्द्र प्रसाद साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गोष्ठी में नेमराज वर्मा एवं अन्य कार्यकर्ताओं के सहयोग से बस्तर क्षेत्र के लिए 5 हजार साधना किट भेजने का संकल्प लिया गया। यह किट दैनिक गायत्री साधना को सरल बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। साधना किट में देव स्थापना चित्र, आसनी, गायत्री चालीसा, अक्षत, रोली, तुलसी माला, सामग्री गोमुखी मंत्र दुपट्टा, आचमनी, चम्मच, अगरबत्ती, माचिस, फूलबत्ती, दीपक, कपूर आदि सामाग्री शामिल की गई है।

**धर्म इवेंट**

## दुर्ग में मनाया गया मां नारायणी जन्मोत्सव, जयकारों से गूंजा भवन



- छत्तीसगढ़ केश शिल्प बोर्ड के चेयरमैन नंदकुमार सेन भी हुए शामिल

**दुर्ग।** सेन भवन शक्ति नगर दुर्ग में सोमवार वैसाख सुदी एकादशी को सेन समाज की कुलदेवी मां नारायणी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर मां नारायणी माता की जय के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर मां नारायणी, संत शिरोमणि सेन महाराज, बालाजी हनुमान और शिवजी का विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अभिषेक किया गया। छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज के संरक्षक विमल सेन ने मां नारायणी के जन्म स्थान और नारायणी धाम की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि राजस्थान के बरवाड़ा वन क्षेत्र में स्थित नारायणी धाम आस्था का केंद्र है, जहां वैसाख सुदी एकादशी को वार्षिक मेला भरता है। उन्होंने बताया कि विक्रम संवत 1006 में गढ़ मोरा में कर्मावती नारायणी का जन्म हुआ। उन्होंने माता के जीवन से जुड़े चमत्कारिक प्रसंगों का उल्लेख किया, जिनमें सूखे स्थान से जलधारा निकालना और पति कर्णेश की मृत्यु के बाद योग अग्नि से पंचतत्व में विलीन होना शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि आज भी नारायणी गंगा नाम से जलधारा बहती है और अलवर का नारायणी धाम एक प्रमुख शक्तिपीठ है। छत्तीसगढ़ केश शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष नंदकुमार सेन ने जन्मोत्सव पर समाज को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेन समाज के लिए यह गौरव की बात है कि हमारे समाज में भक्त शिरोमणि सेन महाराज और मां नारायणी जैसी सती माता का जन्म हुआ, जिन्होंने मानव समाज को एकता का संदेश दिया। दुर्ग जिला सेन समाज के अध्यक्ष भीखम सेन, सेन समाज भिलाई नगर के अध्यक्ष नीलकंठ श्रीवास और दुर्ग नगर निगम की पार्षद सुरुचि उमरे ने भी संबोधित करते हुए समाज की प्रगति और महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन विकास सेन ने किया। इस अवसर पर रितेश सेन, लालचंद सेन, कमल किशोर धंधल, चंदू सेन, भावेश सेन, जतिन सेन, चित्रसेन, कामता सेन समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

● अंडर-7 में मेधांश, श्रेष्ठा और अंडर-11 में विराट अय्यर एवं शान्विका उदवाला बने विजेता

# हर हार दिखाती है जीत का नया रास्ता, नन्हे दिमागों की बिसात पर चमके सितारे, शतरंज में बने चैंपियन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के मार्गदर्शन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा मनसा कॉलेज ऑफ एजुकेशन भिलाई के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय जिला शतरंज चैंपियनशिप का समापन और पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। अंडर-7 और अंडर-11 आयु वर्ग के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में नन्हें धुरंधर खिलाड़ियों ने अद्भुत एकाग्रता, रणनीति और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप के लिए भी किया गया। समापन समारोह में समाजसेवी छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश जैन बरमेचा, मनसा कॉलेज के डायरेक्टर संजीव सक्सेना, जिला शतरंज संघ दुर्ग के सचिव तुलसी सोनी, इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़े, रॉकी देवांगन और गुलाब चौहान उपस्थित रहे।




### विजेताओं को किया गया सम्मानित

जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल पांच चक्र के मुकाबले खेले गए। कड़े मुकाबलों के बाद अंडर-7 ओपन वर्ग में मेधांस सोरी ने प्रथम स्थान हासिल कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया, जबकि रुशांक दवे उपविजेता रहे। अंडर-7 बालिका वर्ग में श्रेष्ठा भारद्वाज विजेता बनीं और शानवी झा उपविजेता रहीं। इसी तरह अंडर-11 ओपन वर्ग में वी. विराट अय्यर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि सर्वेश लिलहारे दूसरे स्थान पर रहे। अंडर-11 बालिका वर्ग में शान्विका उदवाला विजेता बनीं और येशना पिल्लई ने उपविजेता स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप के लिए भी किया गया है।अन्य वर्गों में अंडर-7 ओपन में रिदीत जैन, बालिका वर्ग में अविका पसीने, अंडर-11 में चनवीर सिंह और बालिका वर्ग में मानस्वी शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को आकर्षक ट्रॉफी एवं सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।



### यह रहे विजेता

**अंडर-7 ओपन:** मेधांस सोरी प्रथम, रुशांक दवे द्वितीय
**अंडर-7 बालिका:** श्रेष्ठा भारद्वाज प्रथम, शानवी झा द्वितीय
**अंडर-11 ओपन:** वी. विराट अय्यर प्रथम, सर्वेश लिलहारे द्वितीय
**अंडर-11 बालिका:** शान्विका उदवाला प्रथम, येशना पिल्लई द्वितीय

### तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ी

रिदीत जैन अंडर-7 ओपन, अविका पसीने बालिका वर्ग, चनवीर सिंह अंडर-11, मानस्वी शर्मा बालिका वर्ग

### इनकी रही भूमिका

कार्यक्रम की सफलता में फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा, दिनेश जैन, मोरध्वज चंद्राकर, टिकेश्वर साहू, छाया नोर्गे, संगीता, जिज्ञासा, मोनिका और अंजली टोप्पो का विशेष योगदान रहा। मुख्य निर्णायक की भूमिका इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन ने निभाई, जबकि तकनीकी सहयोग फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा एवं सीनियर नेशनल आर्बिटर दिव्यांशु उपाध्याय ने प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर सिंह राजपूत ने किया और आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष दिनेश जैन ने किया।

### खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

दो दिवसीय जिला शतरंज चैंपियनशिप के समापन समारोह के मुख्य अतिथि कैलाश जैन बरमेचा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, खिलाड़ियों को हार से कभी निराश नहीं होना चाहिए। हर हार एक नया सबक सिखाती है, जिससे अगली प्रतियोगिता के लिए बेहतर तैयारी की जा सकती है। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में भी खेलों के विकास के लिए सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्षीय संबोधन में संजीव सक्सेना ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की छिपी प्रतिभा सामने आती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने अपने संस्थान की ओर से खेल गतिविधियों को निरंतर बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई। वहीं सचिव तुलसी सोनी ने खिलाड़ियों की खेल भावना और अभिभावकों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

**सिटी लाइव**

## पौधों की सिंचाई कर दिया हरियाली बिखेरने का संदेश



**भिलाई।** मनवा कुर्मी कल्याण समिति भिलाई नगर और पर्यावरण मित्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एक सराहनीय पहल की गई। भिलाई निवास के सामने स्थित दिव्यांग ग्राउंड एवं आसपास के क्षेत्र में पूर्व में रोपित छोटे-छोटे पौधों की देखभाल करते हुए उनकी नियमित सिंचाई का कार्य किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पौधों के संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि केवल पौधारोपण ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतर देखभाल भी उतनी ही आवश्यक है। गर्मी के मौसम में पौधों को जीवित बनाए रखने के लिए जल सिंचाई अत्यंत जरूरी है, जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहता है और हरियाली को बढ़ावा मिलता है।कार्यक्रम में अध्यक्ष सेवक वर्मा, सचिव राजेश नायक, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा, उपमुख्य कोषाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, सलाहकार दिनेश वर्मा, भगवती चरण मढ़रिया, मोतीलाल वर्मा, पीला राम वर्मा, कृतराम मढ़रिया, विजय कुमार वर्मा, संतोष बंछोर, दुर्गेश बघेल, राजेश परगनिहा, संतोष पैकरा, पवन कुमार वर्मा सहित पर्यावरण मित्र सियाराम कश्यप, बालूराम वर्मा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**बंगला नववर्ष पर सांस्कृतिक आयोजन**

## कलाकारों ने समूह गीत और नृत्यों की प्रस्तुति से बांधा समां






**भिलाई।** सूर्याविहार कॉलोनी भिलाई स्थित सूर्या सदन में बंगला नववर्ष पोइला बैशाख के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम उच्छास का आयोजन किया गया। 16 वर्षों से आयोजित कार्यक्रम ने लोगों को राग, रंग और रस के अद्भुत संगम से सराबोर किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कला साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ कवच के अध्यक्ष और वरिष्ठ कलाकार शक्ति चक्रवर्ती, बबलू बिस्वास, शांतनु दासगुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अंकिता दास के नृत्य के साथ हुई। इसके पश्चात उच्छास टीम के कलाकारों ने सुमधुर समूह गीत एवं नृत्यों की प्रस्तुति के साथ कविता पाठ, श्रुति नाटक प्रस्तुत किया। जिसने नववर्ष के स्वागत को भावपूर्ण स्वर दिए। तिहाई डांस अकादमी के नन्हे कलाकारों ने अमृता सान्याल के निर्देशन में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। गायक कृष्णा सुतर, तुहिनाद्री सन्याल, गार्गी तरफदार सहित अन्य कलाकारों की प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को संगीत की मधुरता से भर दिया। सुब्रत बैद्य और उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत लाइव बैंड की प्रस्तुति दी गई।शर्मिष्ठा नंदी और शिखा मोइत्रा के मार्गदर्शन में संपूर्ण प्रस्तुति और आयोजन को साकार रूप दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सुवर्णा सुतर ने किया।आयोजन और प्रस्तुतियों में सूर्यविहार की घरेलू महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही। कृष्णा पॉल, सुवर्श्री मित्रा, संजना खटखड़े, बोन्या मुखर्जी, काकोली कुंडू, अंजना भट्टाचार्य, अनिंदिता रॉय चौधरी, सुतपा कानरार, कनक सरकार आदि ने योगदान दिया।

**विश्व बौद्धिक संपदा दिवस पर वेबिनार**

## विद्यार्थियों और शोधार्थियों को बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति किया जागरूक




**भारती विश्वविद्यालय में कार्यक्रम**

**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा कुलाधिपति सुशील चंद्राकर के निर्देश पर आईक्यूएसी के तत्वावधान में बौद्धिक संपदा अधिकारो के मूल तत्व नवाचारों की सुरक्षा के लिए मार्गदर्शिका विषय पर ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों में बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा नवाचारों की सुरक्षा के महत्व को समझाना था। वेबिनार में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता डॉ. प्रतिभा सिंह विषय विशेषज्ञ बीएमएस कॉलेज ऑफ लॉ बेंगलुरु ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के विभिन्न आयामों जैसे कॉपीराइट, पेटेंट और ट्रेडमार्क आदि पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने यह भी समझाया कि किस प्रकार नवाचारों और रचनात्मक कार्यों को विधिक संरक्षण प्रदान किया जा सकता है।

कुलपति प्रो. बीएन तिवारी और रजिस्ट्रार डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकर ने वेबिनार के आयोजन तथा विश्वविद्यालय में शैक्षणिक उन्नयन की पहलों को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उक्त आयोजन मे विधि संकाय के प्रभारी डीन डॉ. आस्था चतुर्वेदी, संपदा बैस, सरिता गुप्ता सहित विधि संकाय के अन्य सदस्यों का योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

**एजुकेशन लाइव**

## चित्रा को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान



**भिलाई।** नवाचारी गतिविधियां समूह भारत एडमिन टीम छत्तीसगढ़ द्वारा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षणिक संप्रवाह सत्र का आयोजन रायपुर में स्वामी आत्मानंद प्रो. जेएन पाण्डेय शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में किया गया। इसमें सिमगा ब्लाक के शिक्षिका चित्रा साहू को उसके नवाचारी गतिविधियां के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही इस सम्मान समारोह में नवाचार टॉपिक पर प्रस्तुतिकरन का भी अवसर मिला। चित्रा साहू ने स्वयं के बनाए हुए पीपीटी के माध्यम से बताया कि वे किस प्रकार विज्ञान विषय को रोचक, सरल व आकर्षक बना कर विज्ञान जैसे कठिन विषय को सरलता से कबाड़ से जुगाड माडल माडल, मिट्टी से निर्मित माडल, सहपाठी शिक्षण, अपना मंच समूह कार्य, रंगोली प्रतियोगिता, विज्ञान के चित्रों, व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत क्राफ्ट वर्क, ग्रिटिंग कार्ड, बैच निर्माण, राखी बनावाना और राखी से पूर्व स्कूल में राखी स्टाल लगवाना आदि के द्वारा विद्यार्थीयों को शिक्षा प्रदान करते हैं।

**छत्तीसगढ़ भोजपुरी परिषद ने दो दलीय चैता का किया आयोजन**

**कार्नर न्यूज**

# छत्तीसगढ़ और भोजपुरी सगी बहनों की तरह, दो दलीय चैता में गूंजा लोकरंग, साथ में दिया एकता का संदेश

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ भोजपुरी परिषद द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर, हथखोज फेस-2, भिलाई में आयोजित सम्मान समारोह और दो दलीय चैता के जंगी मुकाबले ने सांस्कृतिक सरोकारों और लोक परंपराओं का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने देर रात तक चैता के सुरों और लोक संस्कृति के रंगों का आनंद लिया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में दो दलीय चैता में व्यास किशुन छैला जिला सीवान और व्यास सुभाष सागर जिला चंपारण के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।






### कला और संस्कृति का किया उल्लेख

इस अवसर पर मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ और भोजपुरी संस्कृति आपस में सगी बहनों की तरह हैं। यहां के लोग मेहनती और ईमानदार हैं तथा जहां भी जाते हैं, अपनी कला और संस्कृति का परचम लहराते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षाविद् संजय ओझा ने की। उन्होंने परिषद द्वारा वर्षभर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का सशक्त माध्यम हैं। विशिष्ट अतिथि राकेश पाण्डेय, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें हर बार इस मंच से जुड़ने का अवसर मिलता है। वहीं इंद्रजीत सिंह ने ट्रांसपोर्ट नगर के बदलते स्वरूप का उल्लेख करते हुए भविष्य में भी इसी स्थल पर ऐसे आयोजनों की निरंतरता की बात कही।

### देर रात तक दर्शकों ने लिया आनंद

कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे, उद्योगपति संतोष शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, इंद्रजीत सिंह अध्यक्ष, भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। स्वागत भाषण परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने दिया, जबकि संचालन मीडिया प्रभारी सुरेंद्र शर्मा एवं महासचिव बी.पी. सिंह ने किया। इस अवसर पर मदन मोहन त्रिपाठी, निशिकांत शर्मा, मनोज सिंह, राजीव रंजन शर्मा, सनोज चौधरी, प्रेम प्रकाश मिश्रा, त्रिभुवन प्रसाद, नंदकिशोर सिंह सहित अनेक सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का सम्मान किया गया और हजारों दर्शकों की उपस्थिति ने देर रात तक समां बाधें रखा।

ज्योतिष

## बालकनी में रखी ये चीजें बनती हैं दुखों का कारण, खुशियों पर भी पड़ता है असर



बालकनी घर की सबसे खुबसूरत जगहों में मानी जाती है। कहते हैं कि, यहां से घर में सुख-शांति के साथ-साथ सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, बालकनी सिर्फ हवा और रोशनी के लिए नहीं होती, बल्कि यह आपके घर की खुशहाली, मानसिक शांति और आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित करती है। इसलिए इसे हमेशा साफ-सुथरा रखना चाहिए। हालांकि, कुछ लोग घर की बालकनी में खराब सामान से लेकर उपयोग में न आने वाली चीजों का भी ढेर लगा देते हैं। वास्तु के अनुसार यह आदत धीरे-धीरे घर की सकारात्मक ऊर्जा को कम कर देती है और परेशानियों को बढ़ा सकती है। ऐसे में आइए जानते हैं कि, बालकनी में किन चीजों को नहीं रखना चाहिए।

**कांटेदार पौधे :** वास्तु के अनुसार, कांटेदार पौधे नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं। इन्हें बालकनी में भूलकर भी इसे न रखें। घर में तनाव और विवाद बढ़ सकते हैं।

**बेकार सामान :** वास्तु के अनुसार, खराब फर्नीचर व अनुपयोगी चीजें बालकनी में रखने से कार्यों में बाधाएं आने लगती हैं। साथ ही तनाव, आर्थिक और मानसिक समस्याओं से व्यक्ति घिरा रहता है।

**जूते-चप्पल का ढेर :** मान्यता है कि, घर की बालकनी में जूते-चप्पल रखने से बचना चाहिए। यह दरिद्रता और नकारात्मकता को बढ़ाता है, खासकर अगर बालकनी मुख्य द्वार के पास हो।

**झाड़ू रखना :** झाड़ू को लक्ष्मी का प्रतीक माना जाती है, इसलिए इसे बालकनी में खुला रखना अशुभ हो सकता है। इससे घर बरकत में कमी आ सकती है।

**कूड़ेदान :** वास्तु के अनुसार, बालकनी में कूड़ेदान रखने से नकारात्मक ऊर्जा का जमाव होता है, जो घर के माहौल को प्रभावित कर सकता है। इसलिए भूलकर भी इसे न रखें।

**बालकनी में रखें ये चीजें :** वास्तु के अनुसार, घर की बालकनी में आप तुलसी व मनी प्लांट रख सकते हैं। इसके अलावा स्टूल व कुछ कुर्सियां रख दें। इस दौरान रंगीन कुशन व चित्र रख सकते हैं। खेल से जुड़ी चीजें रख सकते हैं। पैंटिग भी लहा सकते हैं। आप चाहें तो विंड चाइम भी लगा सकते हैं।

## हथेली पर इस तरह से बना चंद्र पर्वत होता है शुभ




हस्तरेखा ज्योतिष शास्त्र में हथेली पर बनी रेखाओं, निशानों और पर्वतों के जरिए व्यक्ति के जीवन में घटने वाली तमाम तरह की घटनाओं के बारे में भविष्यवाणियां की जाती है। हथेली पर बने कई तरह के पर्वतों का विशेष महत्व होता है। आज हम आपको हथेली पर बने चंद्र पर्वत ते बारे में बताएं। ज्योतिष में चंद्रमा को सुंदरता और कल्पना का ग्रह माना जाता है। हथेली पर मौजूद चंद्र पर्वत से व्यक्ति मन, स्वभाव और जीवन के बारे में बहुत कुछ जानकारियां हासिल हो सकती है।

**हथेली पर बना चंद्र पर्वत का उभरा ना होना :** कई लोगों की हथेली पर चंद्र पर्वत में उभार नहीं होता है। हस्तरेखा ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चंद्र पर्वत में उभार का ना होना कई तरह के संकेत देता है। ऐसे लोग बहुत ही भावुक होते हैं। लेकिन कई बार इनके स्वभाव में कठोरता भी दिखाई देती है। ऐसे लोग अपने जीवन में हर तरह की सुख-सुविधाओं से परिपूर्ण, अच्छा धन-दौलत और ऐशोआराम होता है। ऐसे लोग बिना सोचे-समझे कोई भी फैसला नहीं लेते हैं।

**हथेली पर पूरी तरह से विकसित चंद्र पर्वत :** जिन लोगों की हथेली पर चंद्र पर्वत अच्छी तरह से उभार लिए होता है। ऐसे लोग बहुत ही शांत और कल्पनाशी होते हैं। ऐसे लोग जल्दी से अपने आसपास या फिर खुद से साथ होने वाले छल को आसानी से नहीं पहचान पाते हैं। ये लोग किसी दूसरे के मामलों में नहीं पड़ते हैं। इन लोगों के जीवन में छोटी से भी परेशानियां आने पर काफी परेशान हो जाते हैं। लेकिन ऐसे लोग कभी भी दूसरे के दबाव में आकर कोई भी काम करना पंसद नहीं करते हैं।

**अर्ध विकसित चंद्र पर्वत :** जिन लोगों की हथेली पर चंद्र पर्वत पूर्ण रूप से विकसित नहीं होता है, ऐसे लोग बहुत ही ज्यादा बड़े सपने देखने वाले होते हैं। इन लोगों को अपने ऊपर पूरा विश्वास होता है। ये लोग अपने विचारों को हकीकत में बदलने के लिए कई तरह की योजनाएं बनाते हैं।

### ये 3 काम करना आज से ही शुरू करें

# बिना दवाई 1 महीने में कंट्रोल में आ सकता है थायरॉइड!

आजकल थायरॉइड की समस्या काफी कॉमन होती जा रही है, खासकर महिलाओं में। दिनभर थकान रहना, वजन बढ़ना या अचानक कम होना, हेयर फॉल और मूड स्विंग्स जैसे लक्षण इशारा करते हैं कि आपका थायरॉइड बैलेंस नहीं है। इसके लिए लोग सालों-साल दवाइयां लेते रहते हैं, लेकिन फिर भी उनका थायरॉइड कंट्रोल नहीं होता। कुछ दिन दवाई छोड़ी नहीं कि फिर से सारी समस्याएं शुरू हो जाती हैं। अब सवाल है कि क्या थायरॉइड को कंट्रोल में लाने का कोई नेचुरल तरीका नहीं है? क्या हमेशा सिर्फ दवाइयां खाते रहना ही एक ऑप्शन है? गुड न्यूज ये है कि थायरॉइड को नेचुरली ठीक किया जा सकता है, अगर एक महीने तक आप लगातार कुछ चीजें फॉलो करें। योग एक्सपर्ट मल्लिका ने ऐसी ही 3 टिप्स शेयर की हैं, आइए जानते हैं।



### टिप 1: थायरॉइड वाले एरिया पर करें तेल की मसाज

योग एक्सपर्ट बताती हैं कि सबसे पहला काम आपको करना है कि अपने थायरॉइड एरिया पर नियमित रूप से तेल से मसाज करें। थायरॉइड एरिया यानी गले के सामने वाला हिस्सा, जहां थायरॉइड ग्रंथि मौजूद होती है। आप बादाम रोगन या सरसों का तेल ले सकते हैं, इससे लगभग 2 मिनट के लिए अच्छी तरह मसाज करें। ये काम आपको रोज रात में सोने से पहले करना है। मल्लिका कहती हैं मसाज करने से आपका थायरॉइड ग्लैंड एक्टिवेट होता है, जिससे हीलिंग भी फास्ट होती है।

### टिप 2: नियमित रूप से पीएं धनिया का पानी

धनिया का पानी थायरॉइड के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। एक्सपर्ट बताती हैं कि एक चम्मच साबुत धनिया को दरदरा सा कूट लें, फिर इसे एक गिलास पानी में ही रातभर के लिए भिगोकर रख दें। सुबह सबसे पहले फ्रेश होने जाएं, इसके बाद इस पानी को अच्छी तरह उबालकर और छानकर पी जाएं। नियमित रूप से अगर आप एक महीने तक लगातार इसे पीते हैं तो थायरॉइड की समस्या में काफी फायदा देखा जा सकता है।

### टिप 3: रूटीन में शामिल करें कुछ योगासन

थायरॉइड को कंट्रोल में रखने के लिए सिर्फ अच्छी डाइट ही नहीं, बल्कि अपने रूटीन में योग शामिल करना भी जरूरी है। कुछ ऐसे योगासन हैं जो विशेष रूप से थायरॉयड को कंट्रोल करने में सहायक होते हैं। एक्सपर्ट बताती हैं कि आप सेतुबंधासन, भुजंगासन, सर्वांगासन और उष्ट्रासन को अपने नियमित रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं। ये थायरॉइड को कंट्रोल करने में काफी ज्यादा मददगार साबित होते हैं।

### सबसे जरूरी है नियमित रूप से फॉलो करना

ये तीनों ही चीजें काफी सिंपल हैं और इफेक्टिव भी। लेकिन ध्यान रखें कोई भी नेचुरल रेमेडी तभी काम करती है, जब आप उसे नियमित रूप से फॉलो करें। सिर्फ कभी-कभी करने से कोई खास फायदा नहीं मिलता। एक्सपर्ट कहती हैं कि कोई भी फायदा देखने के लिए कम से कम लगातार एक महीने ये तीनों चीजें फॉलो जरूर करें।



## मोटापा बढ़ा रही है रोजाना की 1 आदत, फिट एंड फाइन रहने के लिए आज ही करें बदलाव

वजन या मोटापे का बढ़ना हमारी रोजाना की आदतों पर निर्भर करता है। कई बार कुछ आदतें सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचा रही होती हैं, लेकिन फिर भी लोग उन साइन्स को इग्नोर करते रहते हैं। हालांकि, सेहत से जुड़े कुछ साइन को कभी इग्नोर नहीं करना चाहिए क्योंकि ये धीरे-धीरे गंभीर रूप ले सकते हैं। इसके बढ़ने पर ये शरीर के लगभग हर अंग को प्रभावित करता है। जब शरीर में अतिरिक्त वसा जमा होती है, तो यह अंगों पर दबाव डालती है और शरीर में पुरानी सूजन पैदा करती है। इसका सबसे बड़ा खतरा दिल को होता है। इसके अलावा मोटापा शरीर की कोशिकाओं को इंसुलिन रेजिस्टेंट बना देता है। ऐसे में जब इंसुलिन सही से काम नहीं कर पाता, तो खून में ग्लूकोज का लेवल बढ़ जाता है, जो डायबिटीज का कारण बनता है। इस समस्या से बचने के लिए आपको अपनी आदतों पर गौर करना होगा। यहां प्रमाणित पोषण सलाहकार अनु भाटिया द्वारा बताई एक रोजाना की ऐसी आदत बता रहे हैं, जिसे तुरंत बदलना सही है।



### पहले समझें कैसे बढ़ता है मोटापा

मोटापा बढ़ने की प्रक्रिया शरीर के एनर्जी बैलेंस से जुड़ी है। जब हमारे शरीर को मिलने वाली एनर्जी यानी कैलोरी उसके द्वारा खर्च की जाने वाली कैलोरी बर्न से ज्यादा हो जाती है, तो शरीर उस बची हुई एनर्जी को फैट के रूप में जमा करने लगता है और धीरे-धीरे चर्बी और वजन बढ़ जाता है।

### रोजाना की किस आदत से बढ़ता है मोटापा

बहुत से लोग घर का खाना खाते हैं, लेकिन फिर भी वह मोटे होते रहते हैं इसके पीछे की मुख्य वजह है टाइमिंग। अगर आप घर पर बनी दाल, सब्जी, रोटी को रात 10 बजे के बाद खाते हैं तो ये समस्या की वजह है। रोजाना देरी से डिनर करना न सिर्फ वजन बढ़ाता है, बल्कि इससे शरीर में वजन जमा होने का तरीका भी बदल जाता है। जो महिलाएं रात में देरी से खाना खाती हैं उनमें बॉडी फैट ज्यादा होता है, खासतौर से पेट के आसपास।

### क्यों होता है ऐसा

ऐसा इसलिए होता है क्योंकि रात के समय मेटाबॉलिज्म कम हो जाता है, इंसुलिन सेंसटिविटी भी ड्रॉप हो जाती है और फैट बर्न करने की प्रक्रिया भी बंद हो जाती है। इसलिए जब आप रात में खाते हैं तो आपका शरीर फैट ज्यादा स्टोर करता है। दरअसल, सूरज ढलने के बाद कोर्टिसोल भी कम हो जाता है और मेलाटोनिन (स्लीप हार्मोन) बढ़ने लगता है। देरी से खाना खाने पर ये दोनों हार्मोन एक साथ फैट स्टोरेज का कारण बनते हैं।

### क्या करें

बहुत से लोग टाइमिंग बदलने की जगह खाने की क्वांटिटी में बदलाव करते हैं। जबकि इससे कुछ नहीं होगा। रोजाना 7 से 7:30 के बीच में डिनर करने से फैट मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है, स्लीप क्वालिटी में भी सुधार आता है और इंसुलिन प्रतिक्रिया भी बेहतर होती है।

## गर्मी से बचने के लिए जेब में प्याज रखकर घूमना, क्या असरदार है ये तरीका?

गर्मियों के आते ही लू का खतरा तेजी से बढ़ जाता है। खासकर उत्तर भारत में तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों की सेहत पर भारी पड़ती हैं। ऐसे में लोग गर्मी से बचने के कई तरीके अपनाते हैं। वे गाड़ी में एसी नहीं चलाते हैं और 51 डिग्री तापमान वाली गर्मी और गर्म हवा के थपेड़ों का सामना करने के लिए जेब में प्याज रखते हैं। जेब में प्याज रखो और गर्मी से बचे रहो। लेकिन, क्या वाकई जेब में प्याज रखने से लू नहीं लगती है और ये तरीका कितना असरदार है।



**प्याज में क्या-क्या पाया जाता है :** प्याज विटामिन सी, विटामिन बी6, फोलेट, पोटैशियम, मैग्नीशियम, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट (जैसे क्वेरसेटिन), सल्फर कंपाउंड्स और भरपूर पानी पाया जाता है। इसकी तासीर ठंडी होती है और यही कारण है कि लोग गर्मी में प्याज ज्यादा खाते हैं, जिससे शरीर भी ठंडा रहे।

**प्याज लू से कैसे बचाएगी :** पुराने जमाने से ही लोगों का ऐसा मानना रहा है कि प्याज गर्मी में खाने और साथ में रखने से लू और तेज गर्मी के प्रकोप से बचा जा सकता है। जैसे बचपन में हमारी नानी हमें खाने के साथ प्याज जरूर खिलाती थीं और कहती थीं स्कूल जाते हो लू नहीं लगेगी। ये तरीका बड़े-बुजुर्ग मानते थे और इसे आज भी कुछ लोग मानते हैं।

**क्या कहता है साइंस :** साइंस के अनुसार, प्याज खाना सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसमें कम्पाउंड क्वेरसेटिन में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो शरीर को ठंडक देते हैं। इसे खाने से शरीर का तापमान सामान्य रहता है और हाइड्रेटेड भी। लेकिन, साथ में रखने से ये आपको गर्मी या लू से बचा सकती है, इसका अभी तक कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, जब आप जेब में प्याज रखते हैं तो इससे शरीर के तापमान में कोई फर्क नहीं पड़ता है। इसका सीधा मतलब है कि प्याज खाने से शरीर को ठंडक मिलती है, लेकिन इसे साथ में रखने से आप हीटस्ट्रोक या लू से नहीं बच सकते हैं।

## शरीर में हीमोग्लोबिन और आयरन की कमी को ऐसे करें पूरा

हीमोग्लोबिन खून में मौजूद एक प्रोटीन होता है, जो शरीर के हर हिस्से तक ऑक्सीजन पहुंचाने का काम करता है। जब इसकी कमी हो जाती है, तो शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पाती है और इसी कारण से आमतौर पर लोग एनीमिया का शिकार हो जाते हैं। भारत में 45 वर्ष से अधिक उम्र की बड़ी संख्या में महिलाएं एनीमिया (खून की कमी) से जूझ रही हैं।

**आयरन के लिए क्या-क्या खाना चाहिए :** सेलिब्रिटी न्यूट्रिशनिस्ट रुजुता दिवेकर का कहना है कि हीमोग्लोबिन या आयरन की कमी को हेल्दी-पौष्टिक चीजों को खाकर पूरा किया जा सकता है। उनका कहना है कि आप रोजाना कुछ चीजों को डायट में शामिल कर अपने शरीर में खून की कमी को आसानी से पूरा कर सकते हैं।

**फ्रेश फ्रूट डेली :** रुजुता दिवेकर का कहना है कि अभी आम का सीजन आ चुका है, हर दिन 1 आम खाइये। आम में विटामिन सी की मात्रा भरपूर होती है। आम के अलावा अमरूद या पेरू भी खा सकते हैं। जब शरीर को विटामिन सी भरपूर मात्रा में मिलता है, तो इससे आयरन भी बनना शुरू हो जाता है। ऐसे ही हीमोग्लोबिन मेंटेन रहता है।

**दाल और फलियां :** न्यूट्रिशनिस्ट का कहना है कि अरहर, मूंग, कुलिठ, चना, उड़द, मटकी जैसी दालें अमिनो एसिड से भरपूर होती हैं। इन दालों को खाने से शरीर में आयरन बनने लगेगा और अपने आप हीमोग्लोबिन का लेवल मेंटेन हो जाएगा। इन दालों और फलियों को आपको चावल, रोटी के साथ खाना होगा। सिर्फ दाल या फलियां खाने से सेहत को फायदे नहीं मिलेंगे।




**दही, छाछ :** नाश्ते या लंच में दही, छाछ या फिर लस्सी को जरूर शामिल करें। इनमें कई तत्व होते हैं और ये शरीर में बी12 को बैलेंस करते हैं। इन्हें खाने से भी शरीर में हीमोग्लोबिन का लेवल सामान्य बना रहेगा।

**चना-गुड़ :** पहले जमाने के लोग गर्मी के मौसम में चना गुड़ खाया करते थे, जो आयरन का अच्छा सोर्स माना जाता है। चना-गुड़ खाना शुरू करें, इससे आयरन की कमी पूरी होगी और भी कई फायदे मिलेंगे।

कार्नर न्यूज

### गर्मियों के मौसम में अपने खानपान पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए

# हेल्थ अलर्ट! किडनी में पथरी बना सकते हैं ये 5 फूड्स, गर्मियों में बढ़ जाता है रिस्क

आजकल पथरी खासतौर से किडनी स्टोन की समस्या काफी तेजी से बढ़ रही है। गलत खानपान, कम पानी पीना और ओवरऑल लाइफस्टाइल से जुड़ी कुछ आदतें इसकी वजह बनती हैं। कई बार तो लोग समझ ही नहीं पाते कि रोजमर्रा में वो जो चीजें खा रहे हैं, वही चीजें पथरी की समस्या को बढ़ावा दे रही हैं। खासतौर से गर्मियों के मौसम में तो अपने खानपान पर और भी ज्यादा ध्यान देना चाहिए, क्योंकि इन दिनों कई ऑक्सलेट रिच फूड्स हम कंज्यूम करते हैं, जो कहीं ना कहीं पथरी की समस्या को बढ़ावा देते हैं। एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए डॉ. शालिनी सिंह सालुंके ने ऐसे ही कुछ फूड्स के बारे में बताया है, जिनका सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए।



### गर्मियों में पथरी बनने का रिस्क क्यों ज्यादा होता है?

इसके लिए सबसे पहले ये समझना जरूरी है कि किडनी स्टोन आखिर क्यों बनते हैं। इस पर डॉ. शालिनी बताती हैं कि किडनी में पथरी तब बनती है, जब यूरिन (पेशाब) गाढ़ा बनता है और ऑक्सलेट और कैल्शियम मिलकर स्टोन बना लेते हैं। गर्मियों में अगर आप थोड़ा भी कम पानी पीते हैं, तो डिहाइड्रेशन होने के चांस बढ़ जाते हैं, जिससे यूरिन भी गाढ़ा होने लगता है। साथ ही अगर आप ऑक्सलेट रिच फूड्स का सेवन कर रहे हैं, तब तो पथरी बनने का रिस्क और भी ज्यादा होता है।

### टमाटर बना सकता है किडनी में स्टोन


डॉ. शालिनी बताती हैं कि टमाटर के बीजों में ऑक्सलेट होता है, जो कैल्शियम के साथ मिलकर पथरी बनाता है। इसलिए अगर आप रोज ज्यादा मात्रा में टमाटर कंज्यूम कर रहे हैं, खासतौर से गर्मियों में, तो थोड़ा सा ध्यान देने की जरूरत है। अगर आपको पहले से ही किडनी स्टोन की समस्या है, तब तो टमाटर से पूरी तरह परहेज करना बेहतर रहेगा।

### पालक, शलगम और चुकंदर जैसी सब्जियां

पालक, शलगम और चुकंदर जैसी सब्जियों में भी ऑक्सलेट की मात्रा काफी ज्यादा होती है। ये तत्व शरीर में जमा हो कर किडनी स्टोन बनने की संभावना को बढ़ा सकते हैं। इसलिए, इनका सेवन संतुलित मात्रा में ही करना चाहिए।

### चॉकलेट में भी होता है ऑक्सलेट

चॉकलेट लवर हैं तो थोड़ा सावधान होने की जरूरत है। क्योंकि डॉक्टर के मुताबिक इसमें ना सिर्फ ऑक्सलेट की मात्रा ज्यादा होती है, बल्कि साथ में चीनी भी खूब सारी होती है। शरीर में जरा सी पानी की मात्रा कम हुई नहीं की तुरंत पथरी का रिस्क बढ़ सकता है, इसलिए क्या खा रहे हैं इसका ध्यान रखना बहुत जरूरी है।



### कोला और सॉफ्ट ड्रिंक्स

गर्मियों में अगर आप भी खूब सॉफ्ट ड्रिंक्स और कोला पी रहे हैं, तो किडनी की समस्या को खुद बुलावा दे रहे हैं। दरअसल इनमें मौजूद फॉस्फोरिक एसिड और शुगर, साथ में मिलकर यूरीन को गाढ़ा बनाते हैं और किडनी स्टोन के रिस्क को बढ़ावा देते हैं।

### नमकीन स्नैक्स और ज्यादा नमक

बहुत ज्यादा नमक या नमकीन स्नैक्स खाने से ही परहेज करना चाहिए। डॉक्टर बताती हैं कि बॉडी में अगर ज्यादा सोडियम हो तो यूरिन में कैल्शियम की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे किडनी स्टोन का रिस्क भी बढ़ता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जब म्यूजिक ने रोकी थी बड़ी जंग, इस सिंगर ने गाना गाकर बचाई थी लोगों की जान!



शायद ही कोई ऐसा इंसान होगा जिसकी जिंदगी में संगीत का प्रभाव नहीं हो गा। खुशी, गम, प्यार, देशभक्ति, जुनून सबकुछ म्यूजिक से जाहिर किया जा सकता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं म्यूजिक ने अपने प्रभाव से एक बड़ी जंग तक रुकवा दी थी। दिलचस्प है ना? 1970 के दशक के दौरान जमैका में काफी राजनीतिक हिंसा और अशांति फैली हुई थी। एडवर्ड सीगा के नेतृत्व वाली जमैका लेबर पार्टी और तत्कालीन प्रधान मंत्री माइकल मैनली के नेतृत्व वाली पीपल्स नेशनल पार्टी के समर्थकों के बीच काफी गहमागहमी थी और इसी से वहां ज्यादा हिंसा हो रही थी। सड़कों पर खुलेआम गोलियां तक चल रही थी। हम बात कर रहे हैं सिंगर बॉब मार्ले की, जिन्होंने राजनीतिक तनाव को कम करने के लिए एक फ्री म्यूजिक कॉन्सर्ट में परफॉर्म किया। इवेंट से दो दिन पहले, बंदूकधारियों ने उनके घर पर हमला किया, जिसमें वह, उनकी पत्नी रीटा और मैनेजर डॉन टेलर घायल हो गए। अपनी चोटों के बावजूद, मार्ले ने 90 मिनट का सेट परफॉर्म किया। वन लव पीस कॉन्सर्ट (1978) के नाम से उनके म्यूजिक इवेंट में जैमिन के अपने प्रदर्शन के दौरान, उन्होंने माइकल मैनली और एडवर्ड सीगा दोनों को मंच पर बुलाया, उनके हाथ एक साथ मिलाए। हालांकि, यह पल आशा और एकता का एक शक्तिशाली प्रतीक था कॉन्सर्ट के बाद भी जमैका में राजनीतिक हिंसा जारी रही।

### टॉलीवुड

## दुबले-पतले होने के लिए धनुष का उड़ाया गया मजाक, इस फिल्म ने बदली जिंदगी



साउथ के बेहतरीन अभिनेता धनुष अपनी अपकमिंग फिल्म 'कारा' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में, धनुष ने अपने कॅरियर के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि कॅरियर की शुरुआत में मजाक उड़ाए जाने के बावजूद उन्हें हमेशा खुद पर भरोसा रहा। इवेंट में, जब धनुष को उनकी फिल्म 'पोल्लाधवन' की निशानी के तौर पर बाइक की नंबर प्लेट दी गई, तो एक्टर ने उसे वहां मौजूद दर्शकों को दिखाया और मुस्कुराए। यह एक्शन थ्रिलर फिल्म एक ऐसे शख्स की कहानी है, जिसकी जिंदगी एक बाइक खरीदने के बाद बेहतर हो जाती है। बाइक चोरी होने के बाद उसकी जिंदगी पूरी तरह से उलट-पुलट हो जाती है। इस फिल्म को काफी तारीफ मिली थी। धनुष ने माना कि यह फिल्म उनके करियर का एक अहम मोड़ थी। उन्होंने कहा, 'पोल्लाधवन मेरे लिए एक टर्निंग पॉइंट थी। उससे पहले, लोग मुझे बहुत दुबला-पतला कहते थे। जब मैं अचानक सिक्स-पैक के साथ सामने आया, तो लोगों ने मेरे शरीर के लिए तालियां बजाईं। सीटियां बजाई। यह मेरे लिए एक बहुत ही खास फिल्म थी।' इवेंट में धनुष ने कहा 'अगर मैं 2002-2003 के आस-पास लोगों से कहता कि मुझे नेशनल अवॉर्ड मिलेगा, तो शायद सब मुझ पर हंसते। लेकिन, मैंने पूरी शिद्दत से यह ठान लिया था कि एक दिन मैं नेशनल अवॉर्ड जरूर जीतूंगा। फिर वह समय आ ही गया।' धनुष ने फिल्म 'आडुकलम' (2010) में अभिनय के लिए अपना पहला नेशनल अवॉर्ड जीता था। उन्होंने 'असुरन' (2019) के लिए एक और नेशनल अवॉर्ड जीता।

### भोजपुरी

## लाखों में एक पवले बानी हम बहुरानी का फर्स्ट लुक आउट



'रेणु विजय फिल्म्स एंटरटेनमेंट' के बैनर तले बनकर तैयार पारिवारिक और मनोरंजन से भरपूर फिल्म 'लाखों में एक पवले बानी हम बहुरानी' का फर्स्ट लुक जारी कर दिया गया है, जिसने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। फिल्म में भोजपुरी इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा, लेडी सुपर स्टार, भोजपुरिया क्वीन आम्रपाली दुबे एक बार फिर अपने दमदार अभिनय और पारिवारिक किरदार के साथ दर्शकों के दिलों पर राज करने को तैयार नजर आ रही हैं। यह फिल्म 1 मई को देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जबकि इसका ट्रेलर 28 अप्रैल को एंटरटेन रंगीला और भोजपुरी सिनेमा टीवी के यूट्यूब चैनल से रिलीज होगा। इस फिल्म के निर्माता निशांत उज्जवल हैं, जो पहले भी कई सफल प्रोजेक्ट्स के जरिए अपनी पहचान बना चुके हैं। उनका कहना है कि यह फिल्म सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि परिवार और रिश्तों की गहराई को भी खूबसूरती से दिखाएगी। निर्देशक अजय झा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी और संवाद अरबिंद तिवारी ने तैयार किए हैं, जो दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ने का दम रखते हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक पारंपरिक और आधुनिक मूल्यों के मेल को दिखाता है, जिसमें आम्रपाली दुबे का किरदार एक मजबूत, संवेदनशील और पारिवारिक महिला के रूप में उभरकर सामने आता है। यह फिल्म विशेष रूप से उन दर्शकों को ध्यान में रखकर बनाई गई है, जो सिनेमा में पारिवारिक भावनाओं और संस्कारों को देखना पसंद करते हैं। संगीत की बात करें तो ओम झा और रजनीश मिश्रा जैसे चर्चित संगीतकारों ने इसमें अपनी धुनों से जान डालने का काम किया है, जिससे फिल्म के गाने पहले से ही चर्चा में हैं। फिल्म के फर्स्ट लुक जारी होने के बाद आम्रपाली दुबे ने कहा कि, 'लाखों में एक पवले बानी हम बहुरानी मेरे दिल के बहुत करीब है। मेरी पहली फिल्म निरहुआ हिंदुस्तानी में गाना था लाखों में एक पवले बानी हम बहुरानी। उसी गाने के बोल पर मेरी फिल्म का टाइटल है।

लाइफ स्टाइल

## बैकलेस गाउन में छा गईं मलाइका

मलाइका ग्लोबल स्पा अवॉर्ड की ब्लू कार्पेट पर पहुंचीं तो बैकलेस गाउन में उनका ग्लैमरस रूप देखते ही बना। 52 का उम्र में हसीना ने अपना बेहद सिजलिंग रूप दिखाया। मलाइका के गाउन लुक में टीज एलिमेंट बढ़ाने का काम बैकलेस डिजाइन ने किया। जिसे दिया वी कट और भी सिजलिंग वाइब्स ले आया, तो वॉक में इज लाने के स्कर्ट की फ्लेयर्स को नीचे थोड़ा लूज रखा और बैक में हल्का सेंटर स्लिट कट दिया। जिससे उन्हें चलने में परेशानी नहीं हुई और वह बड़े ही कॉन्फिडेंस के साथ इसे कैरी करके अपनी अदाओं का जलवा बिखेर गईं।




## नुसरत जहां के ये ब्लाउज डिजाइन साड़ी को देंगे ग्लैमरस लुक

एक्ट्रेस से सांसद बनीं नुसरत जहां एक्टिंग और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं। वह इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं और हर दिन अपने नए लुक्स शेयर करती हैं। नुसरत जहां हर स्टाइल को बखूबी कैरी करना जानती हैं और खासतौर पर वह साड़ी पहनने की शौकीन हैं। साड़ी के साथ उनके ब्लाउज डिजाइंस भी कमाल के होते हैं। उनके ब्लाउज स्टाइल ट्रेंडी होने के साथ एलिगेंट भी दिखते हैं। आप भी एक्ट्रेस की तरह ब्लाउज डिजाइन बनवा सकती हैं।

**नेट स्लीव्स डिजाइन :** ब्लाउज स्टाइल में आप नेट स्लीव्स वाला पैटर्न सिलवाएं। नुसरत जहां ने ब्लैक साड़ी के साथ वेलवेट वाला ब्लाउज सिलवाया है, जिसमें बाजू नेट में बनवाई है। इस डिजाइन में कलाई पर उन्होंने सिलवटें दी हैं, जो क्लासी लुक दे रहा है।

**वी नेक ब्लाउज डिजाइन:** पर्पल कलर की हैवी बॉर्डर वाली साड़ी के साथ नुसरत जहां ने वी नेक स्टाइल ब्लाउज कैरी किया है, जो एलिगेंट लुक दे रहा है। इस तरह का ब्लाउज पैटर्न भी आप हैवी लुक वाली साड़ी के साथ सिलवा सकती हैं।



**रिच एम्ब्रॉयडर्ड ट्रेडिशनल ब्लाउज :** सॉफ्ट पेस्टल बेस पर हैवी फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वाला स्वीटहार्ट नेक ब्लाउज खूबसूरत लग रहा है। इसके हाफ स्लीव्स और मैचिंग एम्बेलिश्ड बॉर्डर भी जच रहे हैं। मस्टर्ड साड़ी को ये ग्रेसफुल लुक दे रहा है।

**डीप नेक ब्लाउज :** रेड शीयर साड़ी के साथ नुसरत जहां ने डीप नेक वाला ब्लाउज पैटर्न चुना है। इस ब्लाउज पर एम्ब्रॉयडरी का वर्क किया गया है। बोल्ड और क्लासी लुक के लिए इस तरह का पैटर्न सिलवाएं।

### पर्पल एम्ब्रॉयडर्ड फुल स्लीव ब्लाउज

रिच एम्ब्रॉयडरी और डीप नेकलाइन वाला ये ब्लाउज पैटर्न हैवी और बॉर्डर वाली साड़ी पर सुंदर लगेगा। अगर आप हैवी साड़ी के लिए ब्लाउज डिजाइन खोज रही हैं, तो नुसरत जहां का ये लुक परफेक्ट है।

### हॉल्टर नेक ब्लाउज डिजाइन

वी नेक शेप में मिरर वर्क बॉर्डर वाला हॉल्टर नेक ब्लाउज डिजाइन भी सीक्विन या मिरर वर्क वाली साड़ी पर खूबसूरत लगेगा। नुसरत जहां का ये ब्लाउज लुक आप जरूर सिलवाएं, आपको पार्टी परफेक्ट लुक देगा।

### हाफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन

लाइटवेट साड़ी पर नुसरत जहां ने हाफ स्लीव्स वाला डीप नेक ब्लाउज सिलवाया है। इस तरह का ब्लाउज पैटर्न खूबसूरत और क्लासी लुक दे रहा है। आप भी साड़ी के साथ ऐसा ब्लाउज सिलवा सकती हैं।

## गर्मी में पहनें ये 5 रंग के कपड़े और रहें कूल

फैशन





अगर आप सोच रहे हैं कि गर्मियों में कौन-से रंग के कपड़े पहनने चाहिए ताकि कम गर्माहट का एहसास हो, जान लीजिए कि गर्मियों में सफेद, हल्का नीला, पेस्टल पिंक, मिंट ग्रीन और लेमन येलो जैसे हल्के रंग पहनने चाहिए, क्योंकि ये सूरज की गर्मी को कम सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। गर्मी का मौसम आते ही हमारे कपड़ों का चुनाव काफी महत्वपूर्ण हो जाता है। तेज धूप, पसीना और उमस भरा मौसम न केवल हमारे मूड को प्रभावित करता है, बल्कि हमारे स्टाइल पर भी असर डालता है। ऐसे में सही फैब्रिक के साथ-साथ सही रंग का चयन भी बेहद जरूरी होता है।

**हेल्थ एंड फिटनेस :** क्या आप जानते हैं कि कपड़ों के रंग का सीधा असर आपके शरीर के तापमान पर पड़ता है? गहरे रंग जहां सूरज की गर्मी को ज्यादा सोखते हैं, वहीं हल्के और सॉफ्ट रंग गर्मी को रिफ्लेक्ट करते हैं, जिससे आपको ठंडक महसूस होती है। यही वजह है कि गर्मियों में हल्के रंग पहनने की सलाह दी जाती है। अगर आप इस मौसम में स्टाइलिश दिखने के साथ-साथ कूल भी रहना चाहते हैं, तो कुछ खास रंगों को अपने वॉर्डरोब में जरूर शामिल करें। ये रंग न सिर्फ आपको गर्मी से राहत देंगे, बल्कि आपके लुक को भी ट्रेंडी और फ्रेश बनाएंगे। ध्यान रखें कि हल्के और कॉटन फैब्रिक का चुनाव करें।

**सफेद :** सफेद रंग गर्मियों का सबसे पसंदीदा रंग है। यह सूरज की किरणों को रिफ्लेक्ट करता है और शरीर को ठंडा रखता है। साथ ही यह हर स्किन टोन पर अच्छा लगता है।

**हल्का नीला :** हल्का नीला रंग आंखों को सुकून देता है और गर्मी में बेहद फ्रेश लुक देता है। यह ऑफिस और कैजुअल दोनों के लिए परफेक्ट है।

**पेस्टल पिंक :** यह सॉफ्ट और एलिगेंट रंग गर्मियों में स्टाइलिश लुक देता है। खासकर डे आउट या ब्रंच के लिए यह एक बेहतरीन विकल्प है।

**मिंट ग्रीन :** मिंट ग्रीन रंग न केवल ट्रेंडी है बल्कि यह ठंडक का एहसास भी देता है। यह रंग गर्मियों में आंखों को राहत देता है और कूल वाइब देता है।

**लेमन येलो :** लेमन येलो एक ब्राइट लेकिन हल्का रंग है जो गर्मियों में एनर्जी और फ्रेशनेस का एहसास देता है।

## जेन जी का स्ट्रीट स्टाइल, कूल दिखने और कंफर्टेबल रहने के लिए आप भी ले सकते हैं टिप्स

आज की जेन जी फैशन को लेकर काफी जागरूक और एक्सपेरिमेंटल है। उनके लिए स्टाइल सिर्फ ट्रेंड फॉलो करना नहीं, बल्कि अपनी पहचान को दिखाना भी है। खासकर फीमेल फैशन में कंफर्ट और कूलनेस का कॉम्बिनेशन सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। ढीले-ढाले कपड़े, सॉफ्ट फैब्रिक और स्ट्रीट स्टाइल इंस्पायर्ड आउटफिट्स आज की युवतियों की पहली पसंद बन चुके हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और फैशन इन्फ्लुएंसर्स के चलते यह ट्रेंड तेजी से पॉपुलर हो रहा है।

जेन जी ऐसी ड्रेसेस चुनती है जो न सिर्फ देखने में स्टाइलिश हों, बल्कि पूरे दिन आराम भी दें। यही कारण है कि ओवरसाइज फिट, रिलैक्स्ड सिल्हूट और मिक्स-मैच स्टाइलिंग आज के फैशन का अहम हिस्सा बन गए हैं। अगर आप भी कूल और कंफर्टेबल लुक चाहती हैं, तो जेन जी के ये आउटफिट आइडियाज आपके लिए परफेक्ट हो सकते हैं।



### ओवरसाइज आउटफिट्स

ओवरसाइज टी-शर्ट्स, शर्ट्स और हुडीज आज के जेन जी फैशन में सबसे ज्यादा ट्रेंड में हैं। ये आउटफिट्स न सिर्फ स्टाइलिश दिखते हैं बल्कि पहनने में बेहद आरामदायक भी होते हैं। इनका रिलैक्स्ड फिट पूरे दिन कंफर्ट देता है और इन्हें डेनिम, शॉर्ट्स या स्कर्ट के साथ आसानी से स्टाइल किया जा सकता है, जिससे एक कूल स्ट्रीट लुक तैयार होता है।

### बैगी जींस और वाइड-लेग पैंट्स


बैगी जींस और वाइड-लेग पैंट्स 90s फैशन की वापसी के साथ फिर से ट्रेंड में आ गए हैं। हाई-वेस्ट और लूज फिट स्टाइल आज की लड़कियों की पहली पसंद बन चुका है। इन्हें क्रॉप टॉप या फिटेड टॉप के साथ पहनकर एक बैलेंस्ड और ट्रेंडी लुक बनाया जा सकता है, जो कैजुअल और स्टाइलिश दोनों लगता है।

## 3-5 ग्राम गोल्ड में नेकलेस की ब्यूटीफुल डिजाइन, वेडिंग गिफ्ट के लिए होंगे परफेक्ट

सोने के दाम दिन पर दिन आसमान छू रहे हैं। ऐसे में शादी-विवाह में नेकलेस गिफ्ट करना महंगा पड़ जाता है। लेकिन 3-5 ग्राम में लाइटवेट नेकलेस की ये डिजाइन वेडिंग गिफ्ट के लिए बजट में होगी, देखें 8 स्टनिंग डिजाइंस।

**3-5 ग्राम गोल्ड में नेकलेस डिजाइन :** वेडिंग गिफ्ट के तौर पर गोल्ड नेकलेस देना काफी ज्यादा पॉपुलर है। लेकिन सोने के दाम की वजह से रिचुअल बजट पर भारी पड़ जाता है। ऐसे में ये 3-5 ग्राम में बनने वाले सोने के नेकलेस की डिजाइन देख लें। ये लाइटवेट नेकलेस वेडिंग गिफ्ट के लिए परफेक्ट होंगे। ( इमेज साभार-Pintrest)

**लाइटवेट डिजाइन :** शादियों में गोल्ड नेकलेस देने का रिचुअल होता है। लेकिन हैवी ज्वैलरी का बजट नहीं है तो इस तरह के लाइटवेट डिजाइन बनवाकर दें। ये खूबसूरत दिखेंगे।



**3 ग्राम में बनवाएं नेकलेस :** अगर आपका बजट कम है तो गोल्ड शॉप पर इस तरह की डिजाइन दिखाकर 3-4 ग्राम में डिजाइन रेडी करवा सकती हैं।

**5 ग्राम का नेकलेस :** वैसे तो ये नेकलेस 5 ग्राम से ज्यादा का है लेकिन आप इसमे कुछ एलिमेंट कम करवा कर इस तरह की डिजाइन को आसानी से बनवा सकती हैं। ये दिखने में खूबसूरत लगेगा।

**लाइटवेट डिजाइन :** सोने के नेकलेस की ये डिजाइन काफी हल्की है और आराम से 3-4 ग्राम में बनकर रेडी हो जाएगी। सबसे खास बात कि इसे महिलाएं आराम से डेली ओकेजन पर पहनकर रेडी हो सकती हैं।


**4-5 ग्राम में बनवाएं :** लाइटवेट गोल्ड के नेकलेस आराम से 4-5 ग्राम में बन जाते हैं। साथ ही अब कई सारी मॉडर्न डिजाइन शॉप पर एविलेबल होंगी। जिसे देखकर आराम से बनवा सकती हैं।

कार्नर न्यूज

**पुराने कपड़ों को रीसायकल करना एक स्मार्ट और सस्टेनेबल विकल्प बनकर सामने आया**

## अपने पुराने कपड़ों से बनाएं ट्रेंडी समर आउटफिट, घर बैठे करें फैशन अपडेट

आज के दौर में फैशन तेजी से बदल रहा है और हर कोई ट्रेंड के साथ अपडेट रहना चाहता है। लेकिन हर बार नए कपड़े खरीदना न सिर्फ महंगा होता है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी नुकसानदायक है। ऐसे में पुराने कपड़ों को रीसायकल करना एक स्मार्ट और सस्टेनेबल विकल्प बनकर सामने आया है। खासकर गर्मियों के मौसम में, जब हमें हल्के और आरामदायक कपड़ों की जरूरत होती है, तब डीआईवाई फैशन आइडियाज आपके बहुत काम आ सकते हैं।



### पुराने टी-शर्ट से बनाएं ट्रेंडी क्रॉप टॉप

पुरानी ढीली टी-शर्ट को काटकर आप आसानी से एक स्टाइलिश क्रॉप टॉप बना सकती हैं। यह गर्मियों के लिए परफेक्ट और कूल लुक देता है।

### जींस से बनाएं स्टाइलिश शॉर्ट्स

अगर आपके पास कोई पुरानी जींस है, जिसे अब आप नहीं पहनती हैं तो उसे काटकर और थोड़ा डिस्ट्रेस्ड लुक देकर आप ट्रेंडी शॉर्ट्स बना सकते हैं। यह कैजुअल आउटिंग के लिए बेस्ट विकल्प है।

### दुपट्टा से बनाएं काफ्तान

कई बार आपकी अलमारी में कुछ फुल लेंथ दुपट्टा पड़े रहते हैं, जिनका उपयोग आप नहीं करते। अगर आपके पास भी ऐसे दुपट्टे हैं जिन्हें आप यूज नहीं करना चाहती हैं तो इससे गर्मियों के लिए काफ्तान तैयार करा सकती हैं। यह सहज और सुंदर लुक देता है। खासकर अगर आपके पास चिकनकारी वर्क वाले हल्के फैब्रिक के दुपट्टे हैं तो इससे आकर्षक काफ्तान बन जाएगा, जिसे पैंट के साथ पेयर कर सकती हैं।



### शर्ट से बनाएं समर ड्रेस या श्रग

पुरानी शर्ट को थोड़ा स्टिच करके आप एक खूबसूरत समर ड्रेस या ओपन श्रग बना सकते हैं। यह आपके लुक को एकदम नया बना देगा।

### लॉन्ग कुर्ता से बनाएं शॉर्ट कुर्ती

अगर आपके पास कोई सलवार सूट है या लॉन्ग कुर्ता है जिसे आप रिसायकल करना चाहती हैं तो इससे शॉर्ट कुर्ती बनाएं। कुर्ते को थाई लेंथ तक काटकर शॉर्ट कुर्ती बना सकती हैं। आप इसे फ्रंट स्लिट या नूडल्स स्ट्रेप में बदलकर स्टाइलिश लुक पा सकती हैं।